उज्जैन
मंगलवार
31
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-146
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



40 की उम्र में सोनम कपूर दूसरी बार मां बनीं बेटे को जन्म दिया, खुशखबरी शेयर कर कहा- हमारा परिवार बड़ा हो गया

पेज- 8

## अमेरिका की ईरान में घुसकर यूरेनियम जब्त करने की तैयारी

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ जमीनी कार्रवाई करने का आदेश दे सकते हैं। अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ईरान के पास मौजूद यूरेनियम को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। ईरान के पास करीब 400 किलो समृद्ध (एनरिच्ड) यूरेनियम है, जिसका इस्तेमाल परमाणु बम बनाने में किया जा सकता है। ट्रम्प ने अपने सहयोगियों से कहा है कि ईरान को यह यूरेनियम छोड़ना ही होगा। अगर बातचीत से बात नहीं बनी, तो इसे जबरदस्ती भी लिया जा सकता है। इस बीच, अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10,000 अतिरिक्त सैनिक भेजने की योजना बना रहा है। इनमें से 3,500 से ज्यादा सैनिक पहले ही वहां पहुंच चुके हैं।



## मायके से मिली संपत्ति पर पति का अधिकार नहीं

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी हिंदू महिला को माता-पिता से विरासत में संपत्ति मिली है और उसकी मौत बिना संतान, वसीयत किए बिना ही हो जाती है, तो उस संपत्ति पर पति-ससुराल का कानूनी हक नहीं होगा। ऐसी संपत्ति महिला के पिता के कानूनी वारिसों को जाएगी। जस्टिस तारलाडा राजशेखर राव ने कहा, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15(2)(ए) साफ बताती है कि अगर महिला को पिता या मां से संपत्ति मिली हो और उसकी कोई संतान न हो, तो उसकी मौत के बाद वह संपत्ति पिता के वारिसों को जाएगी। पति को उस संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं मिलेगा। एक महिला ने 2002 में अपनी संपत्ति पहली नातिन को गिफ्ट की, जिसकी 2005 में संतानहीन मृत्यु हो गई। इसके बाद नानी ने पुराना गिफ्ट रद्द कर संपत्ति दूसरी नातिन के नाम वसीयत कर दी।

## राहुल बोले- केरल में महिला मुख्यमंत्री का बेसब्री से इंतजार

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम।** देश के 5 राज्यों में अप्रैल में विधानसभा चुनाव होने हैं। सभी राज्यों में राजनीतिक उठापठक जारी है। सोमवार को केरल पहुंचे राहुल गांधी ने कहा- हम उस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जब केरल की सीएम महिला होगी। कांग्रेस चाहती है कि केरल की महिलाएं अपने सपने पूरे करें और उन्हें अपनी पसंद का काम करने की पूरी आजादी मिले। राहुल के इस बयान पर भीड़ ने जोरदार तालियां बजाईं। इसके बाद राहुल ने मजाक में कहा कि मेरी इस बात पर पुरुष उतनी तालियां नहीं बजा रहे हैं। कार्यक्रम के बाद राहुल गांधी ने मौजूदा विधायक चांडी ओमन और कांग्रेस उम्मीदवार के साथ साइकिल भी चलाई।



## मप्र-राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश के साथ ओले गिरे

**भोपाल/जयपुर।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस ऐक्टिव होने के कारण 30 मार्च से 5 अप्रैल तक कई राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट है। सोमवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश के साथ ओले गिरे। मौसम विभाग के मुताबिक, आज 16 राज्यों में बारिश की संभावना है। वहीं दिल्ली में मंगलवार सुबह धुंध छाई रही। राजस्थान के 6 जिलों में सोमवार शाम बारिश हुई, जिससे तापमान में 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मध्य प्रदेश के 8 जिलों में ओले गिरे। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर समेत चार जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। हिमाचल प्रदेश में रोहतांग के पास अटल टनल क्षेत्र में बर्फबारी हुई। जबकि शिमला के कुमारसैन में भारी बारिश से स्टोन फ्रूट की फसल को नुकसान पहुंचा।

### पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने कंपनियों की चिंताएं बढ़ा दी

# जंग की आंच घरों तक, दूध-किराना-इलाज महंगे होंगे

## रोजमर्रा के सामान के दाम बढ़ाने की तैयारी, कॉमर्शियल एलपीजी की कमी से हजारों प्लास्टिक यूनिट बंद

**ब्रह्मास्त्र** ›› नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने कंपनियों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। कच्चे तेल और अन्य कच्चे माल की कीमतें बढ़ने से लागत बढ़ रही है और कंपनियां दाम बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। इससे बोतलबंद पानी, नमक, तेल जैसी रोजमर्रा की चीजें, एसी, फ्रिज जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल से लेकर नॉन-सर्जिकल मेडिकल आइटम के दाम बढ़ सकते हैं।

वजह यह है कि इस जंग ने प्लास्टिक उद्योग की रीढ़ तोड़ दी है। बीते 30 दिनों में कच्चे माल के दाम 50-70% तक बढ़ चुके हैं। सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाले प्लास्टिक दाने एलडीपीई के दाम 110 रु/ किलो से 180 रुपए तक पहुंच गए हैं।

अन्य पॉलीमर और रॉ मटेरियल भी 30 हजार से 70 हजार रुपए प्रति टन तक वृद्धि हुई है। ऐसे में अप्रैल में प्लास्टिक कीमतें 50-60% तक बढ़ सकती हैं। प्लास्टिक टंकी व कंटेनर के दाम 30-40% तक बढ़ने की आशंका है। ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सुनील शाह कहते हैं कि प्लास्टिक इंडस्ट्री से 5 लाख लोग जुड़े है। संकट बढ़ा तो दो-तीन लाख लोग बेरोजगार हो सकते हैं। हमारी मांग है कि स्थिति सामान्य होने तक प्लास्टिक प्रोडक्ट्स पर 18% जीएसटी को कम करके 5% तक लाया जाए।

### एलपीजी संकट से 20 हजार छोटे उद्योगों पर लगा ताला

- असर 50 हजार प्लास्टिक फैक्ट्रियों पर पड़ा है। कॉमर्शियल एलपीजी की कमी झेल रहे अधिकांश यूनिट्स ने उत्पादन बंद कर दिया या घटा दिया। करीब 20 हजार कारखाने बंद होने का अनुमान है। हैदराबाद के एक ईपीई निर्माता ने बताया, हम गैस के बिना उत्पादन नहीं कर सकते। 80 रुपए/किलो तो छोड़िए 150 में भी नहीं मिल रही।
- गुजरात के राजकोट में 40 से ज्यादा प्लांट बंद हो चुके हैं। मध्यप्रदेश, रायपुर और हैदराबाद में भी कई प्लांट बंद हैं। प्लास्टिक पैकेजिंग निमार्ता लंबे समय तक मार्जिन का दबाव नहीं झेल पा रहे। कई यूनिट्स ने पुराने ऑर्डर रद्द कर दिए हैं।
- बड़े शहरों में घरेलू कामगारों के लौटने से रेडी टू ईट प्रोडक्ट्स की मांग में कई गुना उछाल एलपीजी सिलेंडर की किल्लत और प्रवासी घरेलू कामगारों के लौटने के कारण शहरी घरों में खाना पकाने का तरीका बदल रहा है। क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर रेडी-टु-ईट खाद्य पदार्थों की मांग तेजी से बढ़ रही है। शहरी परिवार अब कम मेहनत वाले भोजन के विकल्पों की ओर झुक रहे हैं। बिगबॉस्केट के चीफ मर्चेंडाइजिंग ऑफिसर शेषु कुमार तिरुमाला ने बताया कि रेडी-टू-ईट कैटेगरी की बिक्री सामान्य स्तर से 10% अधिक है।बीते पांच दिनों में इंडक्शन कुकटॉप की बिक्री सामान्य से 10 गुना रही है।



### सीमेंट के दाम बढ़ाए फिर वापस ली वृद्धि

- इस संकट के चलते पेटकोक, कोयले और पैकेजिंग सामग्री की कीमतें एक झटके में बढ़ गई है। इससे सीमेंट इंडस्ट्री पर असर पड़ा है। चॉइस इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के इक्विटी रिसर्च एनालिस्ट आशुतोष मुरारका के अनुसार, इस भू-राजनीतिक संकट से उत्पादन लागत में 150 से 200 प्रति टन की बढ़ोतरी हो सकती है, जो सीधे तौर पर कंपनियों के मुनाफे को चोट पहुंचाएगी।
- सीमेंट की बोरियों के लिए इस्तेमाल होने वाला पॉलीप्रोपाइलीन सीधे कच्चे तेल से जुड़ा है। इस नुकसान की भरपाई के लिए कंपनियों को कीमतों में 4-5% की वृद्धि करनी होगी, लेकिन बाजार की मौजूदा स्थिति इसे स्वीकार करने के पक्ष में नहीं दिखती।

### इजराइल की हाइफा ऑयल रिफाइनरी पर मिसाइल अटैक

## पेट्रोल टैंक में आग लगी, फारस की खाड़ी में भारत के 18 जहाज फंसे

**ब्रह्मास्त्र** ›› तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 32वां दिन हैं। लेबनान के ईरान समर्थक उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने दावा किया कि उसने सोमवार को इजराइल के उत्तरी शहर हाइफा में ऑयल रिफाइनरी पर ईरानी मिसाइल से हमला किया।

हमले के बाद रिफाइनरी परिसर में एक पेट्रोल टैंक में आग लग गई, जिससे इलाके में घना धुआं फैल गया। अभी तक यह साफ नहीं है कि आग मिसाइल हमले से लगी या इंटरसेप्ट किए गए मलबे के कारण।

एहतियात के तौर पर स्थानीय प्रशासन ने लोगों को घरों की खिड़कियां बंद रखने और बाहर न निकलने की सलाह दी थी। वहीं, ईरान जंग के बीच फारस की खाड़ी में भारत के 18 जहाज और 485 भारतीय क्रू फंसे हुए हैं। जलमार्ग मंत्रालय ने बताया कि ये सभी



सुरक्षित हैं और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**अमेरिकी हमले में ईरान का विमान डैमेज-** ईरान में सोमवार को महान एयरलाइंस का एक प्लेन अमेरिकी हमले में क्षतिग्रस्त हो गया। यह विमान मशहद एयरपोर्ट पर खड़ा था और नई दिल्ली आने वाला था। इसका मकसद भारत से दवाइयों और दूसरी जरूरी राहत सामग्री लेकर जाना था। हालांकि, इस हमले को लेकर अमेरिका की ओर से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## अंगोला से एलपीजी खरीदने की तैयारी में भारतीय कंपनियां

**ब्रह्मास्त्र** ›› नई दिल्ली

ईरान जंग की वजह से भारत में आई गैस की कमी से निपटने के लिए सरकारी तेल और गैस कंपनियां अब नए देशों से रसोई गैस खरीदने का ऑप्शन तलाश रही है। इसी वजह से इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और गेल जैसी कंपनियां अफ्रीकी देश अंगोला की सरकारी कंपनी सोनानगोल से एलपीजी खरीदने पर बातचीत कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये कंपनियां सोनानगोल के साथ लंबे समय का समझौता करने पर विचार कर रही हैं। हालांकि, बातचीत अभी शुरूआती दौर में है और सरकार स्तर पर भी चर्चा चल रही है। दरअसल, भारत की 92% एलपीजी खाड़ी देशों से आती है। भारत सरकार इस निर्भरता घटाना चाहती है। ऐसे में अगर अंगोला से करार हो जाता है तो जहाज अटलांटिक और अरब सागर से होते हुए सीधे भारत पहुंचेंगे।

### कटनी में चढ़ाई से नीचे लुढ़की बस पलटी

## 12 से ज्यादा यात्री घायल, 5 गंभीर



**ब्रह्मास्त्र** ›› कटनी

कटनी एक बड़े सड़क हादसे ने हड़कंप मचा दिया। जिले के कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत लमतरा फ्लाईओवर के पास सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें से 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, गुप्ता बस सर्विस की बस क्रमांक एमपी 53 पी 0214 कारीतलाई से कटनी आ रही थी। सुबह करीब 10 बजे जैसे ही बस लमतरा बाईपास स्थित फ्लाईओवर के पास पहुंची, चढ़ाई पर बस चढ़ नहीं पा रही थी और बार-बार बंद हो रही थी। चालक ने कई बार बस स्टार्ट करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद चालक और कंडक्टर ने आधे से ज्यादा यात्रियों को बस से उतरवाकर धक्का लगवाना शुरू कर दिया जो कि साफ तौर पर गंभीर लापरवाही का मामला है।

# सहकारिता चुनाव की सुगबुगाहट : सरकार ने अपने स्तर पर तैयारी शुरू की

**ब्रह्मास्त्र** ›› उज्जैन

उज्जैन जिले के साथ ही पूरे मप्र में 50 लाख से अधिक किसानों की सदस्यता वाली प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के चुनाव लंबे अंतराल के बाद अब होने की संभावना है। प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के चुनाव आखिरी बार 2013 में हुए थे, जिनका कार्यकाल 2018 में समाप्त हुआ। नियमानुसार छह माह पहले चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए थी, लेकिन विधानसभा चुनाव, किसान कर्ज माफी और अन्य कारणों से यह लगातार टलता रहा।

कांग्रेस और शिवराज सरकार के





कार्यकाल में भी यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। इस बीच, वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर प्रशासकों की नियुक्ति की गई, लेकिन सहकारी अधिनियम के अनुसार यह व्यवस्था अधिकतम एक साल तक ही वैध थी।

यदि सब कुछ ठीक रहा तो सहकारिता के क्षेत्र में आने वाली साख समितियों और सहकारी बैंकों के चुनाव इस साल के अंत में कराए जा सकते है। सूत्रों की मानें तो इसके लिए सरकार ने अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है, तो भाजपा संगठन भी इन चुनावों को लेकर अपनी स्थिति का आकलन करने में जुट गई है। जानकारों की मानें तो मुख्यमंत्री किसानों को कृषि कल्याण वर्ष के दौरान सहकारिता के चुनाव कराकर किसानों को पदों पर बैठाने का तोहफा दे सकते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा पिछली बार जब विभागीय समीक्षा की गई थी, तब कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को ये चुनाव कराने की तैयारी करने के निर्देश दिए थे। इन दोनों विभागों के मंत्रियों से भी कहा था कि वे अपने विभागों की योजनाओं के माध्यम से किसानों तक पहुंचे और उन्हें तमाम योजनाओं का लाभ देकर उनकी नब्ज की टटोलें।

### सहकारी चुनाव नहीं कराने का आरोप सरकार पर मढ़ा

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2013 को राज्य की 4,523 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति और 38 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के चुनाव कराए गए थे। जिनका कार्यकाल वर्ष 2018 में पूरा हो गया था, यानी कि इसी वर्ष सहकारिता के चुनाव कराए जाने थे, किंतु विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव के कारण मध्यप्रदेश में ये चुनाव टाल दिए गए। हालांकि जानकारों का कहना है कि सरकार न जानबूझकर यह चुनाव इसलिए नहीं कराए, क्योंकि तब सत्ता पर बैठी भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार की किसान कर्ज माफी योजना को बंद कर दिया था, जिससे उसे किसानों के बीच अपना ग्राफ कम होने की आशंका थी, जिसकी वजह से चुनाव नहीं कराए गए। बाद में सरकार ने अधिनियम में संशोधन कर यह तय कर दिया कि विशेष परिस्थितियों में चुनाव संबंधी प्रावधान शिथिल भी किए जा सकते हैं। इस संबंध में जब भी कांग्रेस या दूसरे दलों ने सहकारी चुनाव नहीं कराने का आरोप सरकार पर मढ़ा, तो सदन से लेकर सरकारी कार्यक्रमों में जल्द ही चुनाव कराने की बात जिम्मेदारों द्वारा कही गई।

## खबर एक नजर...

### चार घंटे तलाश के बाद पुलिस को मिला परिवार

**उज्जैन।** महाराष्ट्र के नागपुर से 12 लोगों का परिवार धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आया था। सोमवार को महाकाल मंदिर परिसर में परिवार में शामिल 70 साल की अनिताबाई पति रतनलाल भीड़ की वजह से बिछड़ गईं। सुबह 9 बजे से वह बदहवास परिवार की तलाश में भटक रही थीं। मामले की जानकारी महाकाल थाना पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी गगन बादल ने हमेशा की तरह बुजुर्ग महिला श्रद्धालु को परिवार के मिलवाने की कमान एएसआई चंद्रभानसिंह को सौंपी गईं। उन्होंने बुजुर्ग महिला श्रद्धालु की महाराष्ट्रीयन भाषा को समझा और परिवार की तलाश में निकल पड़े। बुजुर्ग श्रद्धालु को ई-कार्ड से पूरे मंदिर क्षेत्र में घूमाया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि वह 2 दिन पहले परिवार के 12 लोगों के साथ वाहन में सवार होकर आये है। एएसआई ने मंदिर के आसपास पार्किंग में महाराष्ट्र पासिंग गाड़ियों की तलाश शुरू की और मंदिर समिति की ओर से अलाउंसमेंट कराया। सोशल मीडिया के माध्यम से भी जानकारी जुटाई गई। करीब 4 घंटे बाद बुजुर्ग महिला श्रद्धालु को तलाश कर रहा परिवार भी महाकाल पुलिस चौकी पहुंच गया। जहां एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान ने श्रद्धालु महिला को नावसे निखिल के सुपुर्द किया। इस दौरान नवासे ने नानी के सुरक्षित मिलने पर उज्जैन पुलिस का आभार माना।

### कचरा प्लांट में लगी भीषण आग, दमकल की टीम ने पाया काबू

**उज्जैन।** उज्जैन नगर निगम के गऊघाट क्षेत्र स्थित कचरा प्लांट में सोमवार शाम अचानक आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। समय रहते वहां मौजूद लोग बाहर निकल गए और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। सूचना मिलते ही दमकल की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी बताई जा रही है। शाम करीब 6 बजे लगी इस आग में प्लांट में रखा सूखा कचरा धू-धू कर जलने लगा। वहां खड़ी कचरा गाड़ियों को भी तत्काल बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। आग के कारण उठता धुआं कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था। इसी दौरान मौसम बदलने से बारिश भी शुरू हो गई, जिससे आग बुझाने में कुछ मदद मिली। दमकलकर्मी लगातार आग पर काबू पाने में जुटे रहे और आखिरकार स्थिति नियंत्रित कर ली गई। थाना नीलगंगा पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत कार्य में सहयोग किया। प्लांट में काम कर रहे सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### शहर में स्मार्ट मीटर की कमी पुराने मीटर से चल रहा काम

**उज्जैन।** शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। बिजली कंपनी के पास पिछले एक माह से स्मार्ट मीटर पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से काम धीरे चल रहा है। कंपनी के पास नए मीटर लगाने के आवेदन बढ़ते जा रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी महाश्वेता, महानंदा और खेड़ापति जोन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में आ रही है। महानंदा जोन के अधिकारी ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने और पुराने मीटर बदलने का काम जारी है। मीटर नहीं होने के कारण 4-6 दिन काम लेट हो जाता है। दरअसल, शहर को दो जोन में बांटकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। जोन-1 में 74000 बिजली उपभोक्ता है, जहां 38000 से ज्यादा उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। वहीं जोन-2 में भी 73000 बिजली उपभोक्ता है, जहां 36000 से ज्यादा उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। लगभग 60 प्रतिशत टारगेट पूरा हो चुका है। शेष स्थानों पर भी जल्द से जल्द मीटर बदले जाएंगे। 3-4 हजार मीटर मिल रहे बिजली कंपनी के अधिकारी सतीश कुमार कुमरावत ने बताया स्मार्ट मीटर का काम जिस कंपनी के पास है वह उज्जैन के साथ-साथ रतलाम, देवास, महू और खरगोन में भी काम कर रही है। एक बार में 20 से 25 हजार तक मीटर आते हैं। इस कारण शहर को 3 से 4 हजार स्मार्ट मीटर ही मिल रहे हैं। हमारे पास मीटर की कमी होती है तो पुराने मीटर लगाकर नए कनेक्शन शुरू कर दिए जा रहे हैं।

## 2 बड़ी कंपनियों ने 29 करोड़ का निवेश किया, 200 लोगों को रोजगार भी मिलेगा

# ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर से लेकर बीपी मशीन तक उज्जैन में बनेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन में एक बार फिर दो बड़ी कंपनियां निवेश करने जा रही हैं। दोनों कंपनियां मेडिकल पार्क में करीब 29 करोड़ रुपए का निवेश कर विक्रम उद्योगपुरी में प्लांट स्थापित करेंगी। यहां हियरिंग स्क्रीनर, ईसीजी, ईईजी और अन्य डायग्नोस्टिक डिवाइस, मल्टी पैरामीटर मॉनिटर, ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर, पल्स ऑक्सीमीटर और बीपी मॉनिटर जैसे उपकरण बनाए जाएंगे।

एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने बताया कि सोहम इनोवेशन लेब्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और मान इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन में अपनी यूनिट स्थापित करेंगी। इन परियोजनाओं से करीब 200 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। दोनों कंपनियों को भूमि आवंटित कर दी गई है।

मेडिकल डिवाइस पार्क में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों का निर्माण शुरू होना प्रदेश के हेल्थ सेक्टर के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। यह पहल मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में उद्योगों को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों का परिणाम है। इससे अस्पतालों को आवश्यक उपकरण स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध होंगे और मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिल सकेगा।

### सोहम इनोवेशन लेब्स कंपनी में 150 लोगों को रोजगार मिलेगा

राठौड़ ने बताया कि सोहम इनोवेशन लेब्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को करीब 2.5 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। कंपनी इस प्रोजेक्ट में लगभग 13.75 करोड़ रुपए का निवेश करेगी और करीब 150 लोगों को रोजगार देगी।

यहां हेल्थ डायग्नोस्टिक से जुड़े उपकरण तैयार किए जाएंगे, जिनका उपयोग अस्पतालों और जांच केंद्रों में होता है। इसमें हियरिंग स्क्रीनर, ईसीजी, ईईजी और अन्य डायग्नोस्टिक डिवाइस के साथ आईसीयू में उपयोग होने वाले मॉनिटरिंग उपकरण भी बनाए जाएंगे।

### मान इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में 50 लोगों को मिलेगा रोजगार

- मान इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को करीब 1.5 एकड़ जमीन दी गई है। कंपनी लगभग 15 करोड़ रुपए का निवेश कर करीब 50 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगी। इस यूनिट में रोजमर्रा के इलाज में उपयोग होने वाले कई आवश्यक उपकरण तैयार किए जाएंगे।
- इनमें ईसीजी मशीन, मल्टी पैरामीटर मॉनिटर, ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर, पल्स ऑक्सीमीटर और बीपी मॉनिटर शामिल हैं। कोविड के दौरान इन उपकरणों की मांग सबसे अधिक रही थी। अब इनका उत्पादन उज्जैन में होने से क्षेत्र के अस्पतालों और मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा।

# उज्जैन में तीन दिन चलेगा महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम

## अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 3 अप्रैल को उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे। यह सम्मेलन 3 से 5 अप्रैल तक उज्जैन के समीप डोंगला में होगा। सम्मेलन का उद्घाटन उज्जैन स्थित तारामंडल परिसर में होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन, जो प्राचीन काल से समय गणना और खगोल विज्ञान का केंद्र रही है, यहां एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक और बौद्धिक संगम होने जा रहा है। आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर केंद्रित यह सम्मेलन देश-विदेश के वैज्ञानिकों, खगोलविदों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञ कार्यक्रम में शामिल होंगे।

कार्यक्रम में साइंस सेंटर का उद्घाटन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में यूएवी



(अनमैन्ड एरियल व्हीकल) एवं आरसी (रिमोट कंट्रोल) और सैटेलाइट मेकिंग (उपग्रह निर्माण) विषयों पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

तीन दिवसीय कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) और विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा, कार्यक्रम उज्जैन से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित डोंगला में आयोजित होगा। डोंगला को कर्क रेखा के यहां से गुजरने के कारण इसे काल गणना का प्रमुख केंद्र माना जाता है। सम्मेलन में उज्जैन-डोंगला को वैश्विक मेरिडियन (मध्यान रेखा) के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की जाएगी।

**इन प्रमुख विषयों पर होगा विचार-विमर्श-** सम्मेलन में आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रमुख विषयों में विकसित भारत में स्पेस इकोनॉमी की भूमिका, खगोल विज्ञान, एस्ट्रोफिजिक्स एवं कॉस्मोलॉजी की नवीनतम तकनीक, भारतीय काल गणना पद्धति का वैज्ञानिक आधार, कालचक्र की अवधारणा और स्पेस सेक्टर से जुड़ी रणनीतियां शामिल हैं।

**उज्जैन को वैश्विक टाइम स्केल सेंटर बनाने की पहल-** इसका मुख्य उद्देश्य उज्जैन को फिर काल गणना का केंद्र बनाना है। साथ ही आधुनिक साइंस सेंटर और प्रस्तावित साइंस सिटी के माध्यम से युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया जाना है। सम्मेलन में इसरो, सीएसआईआर, डीआरडीओ, नीति आयोग सहित देश-विदेश के प्रमुख शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों के प्रतिनिधियों की सहभागिता शामिल हो सकते हैं।

# रात्रिगश्त में घूमता मिला जिलाबदर बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रात्रि गश्त पर निकली चिमनगंज थाना पुलिस को महाकाल थाना क्षेत्र से जिलाबदर किया गया बदमाश मिल गया। बदमाश को आदेश का उल्लंघन करने पर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि रविवार-सोमवार रात पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। उसी दौरान सूचना मिली कि महाकाल थाना क्षेत्र से जिलाबदर किया गया बदमाश शहजाद उर्फ शाहरुख उर्फ साबिर उर्फ चकमक पिता रशीद खान 24 साल निवासी महाराजवाड़ा स्कूल के पीछे बैगमबाग विराटनगर क्षेत्र में घूम रहा है। तत्काल गश्त टीम द्वारा उसे पकड़ने के लिये घेराबंदी गई और गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार बदमाश को महाकाल थाना पुलिस ने जिलाधीश के आदेश पर 6 माह के लिये नम्बर 2025 में जिलाबदर किया था। बावजूद वह शहरी सीमा में घूमता मिला। बताया यह भी जा रहा है कि बदमाश बेगमबाग क्षेत्र छोड़कर विराटनगर में रहने आ गया है। पूर्व में भी उसे पकड़ा जा चुका था। फिलहाल जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने पर उसे राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा में न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

### आदतन 4 बदमाशों को किया जिलाबदर

सोमवार को जिला दंडाधिकारी द्वारा जिले के चार आदतन बदमाशों को जिलाबदर किये जाने के आदेश जारी किये। बदमाशों में मोहम्मद शेर पिता मुश्री खान 42 साल निवासी यादव कालोनी चिमनगंज, अजय पिता कैलाश बाजाजिया 27 साल निवासी काला पत्थर नानाखेड़ा, जुबेर पिता मुन्ना उर्फ अकरुद्दीन 32 साल निवासी शांति नगर बड़नगर और अजेरिया उर्फ अन्ना पिता महबूब खान 26 साल निवासी थाना जीवाजीगंज को 6 माह के लिये जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर किया है। आदेश का उल्लंघन करने पर बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## लोक सेवा गारंटी के 39 प्रकरणों से जुड़े अधिकारी पर पैनल्टी व नोटिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोक सेवा गारंटी के तहत तय समय सीमा में सेवा प्रदाय नहीं करने वाले 39 प्रकरणों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी कार्रवाई के दायरे में आए हैं। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को टीएल मीटिंग में इन पर पैनल्टी लगाने व नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने समग्र केवाईसी अभियान में लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत घट्टिया के सीईओ को भी नोटिस जारी करने को कहा। साथ ही लक्ष्य अनुसार कार्य नहीं करने पर निलं?बन की चेतावनी भी दी। इसके अलावा उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया में अनुभाग नोडल अधिकारियों को समय सीमा में उपार्जन केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण नहीं करने पर संबंधित नोडल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को भी कहा। शाला प्रवेश की समीक्षा करते हुए उन्होंने डीपीसी को सभी नवीन शाला प्रवेशी बच्चों का पंजीयन एक अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। कार्य में लापरवाही पर वेतन रोकने की चेतावनी दी।

# कॉपियां देने के बाद भी रिजल्ट घोषित करने में लगा दिया दो महीने का समय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विवि में रिजल्ट प्रक्रिया कितनी धीमी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मूल्यांकन कर कॉपियां गोपनीय विभाग को देने के बाद भी रिजल्ट में दो महीने का समय लगा दिया। वहीं एटीकेटी के परिणाम अब तक भी जारी नहीं हुए हैं।

मामला बीकॉम औबीबीए पाठ्यक्रम के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर का है। कॉमर्स अध्ययनशाला के 1200 से अधिक विद्यार्थी बीकॉम और बीबीए प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं में शामिल हुए थे। यह परीक्षाएं 4 दिसंबर से 21 जनवरी तक हुई। करीब डेढ़-दो माह पहले संबंधित विषयों के शिक्षकों द्वारा सभी उत्तरपुस्तिकाओं को जांच कर



मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया था। जिसके बाद विभागाध्यक्ष के माध्यम से उत्तरपुस्तिकाएं गोपनीय विभाग को भेज दी गई, लेकिन गोपनीय विभाग और कंप्यूटर सेंटर से रिजल्ट प्रोसेसिंग का कार्य धीमी गति से चलता रहा।


मूल्यांकन के बाद उत्तरपुस्तिकाएं सौंपने के बाद सामान्यतः 10-12 दिनों के भीतर रिजल्ट तैयार कर घोषित कर दिया जाता है। गोपनीय विभाग और कंप्यूटर सेंटर की धीमी कार्यप्रणाली के चलते मूल्यांकन कर कॉपियां देने के बाद अब जाकर हाल ही में बीकॉम और बीबीए प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया है। विवि के जिम्मेदार भी स्वीकार कर रहे हैं कि रिजल्ट जारी करने में विलंब हुआ है। इधर बीकॉम प्रथम सेमेस्टर और बीबीए प्रथम सेमेस्टर के एटीकेटी के रिजल्ट अब तक घोषित नहीं हुए हैं।

### रिजल्ट में थोड़ा विलंब हुआ

कुछ तकनीकी कारणों के चलते बीकॉम और बीबीए के रिजल्ट तैयार करने में थोड़ा विलंब हुआ। हालांकि रिजल्ट जारी कर एजाम फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

**-डॉ. एमके द्विवेदी, परीक्षा नियंत्रक, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय**

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### सीएम की वीआईपी ड्यूटी में गैर हाजिर टीआई राजपूत सस्पेंड

**इंदौर।** सीएम की वीआईपी ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले एक ट्रैफिक टीआई को वरिष्ठ अधिकारियों ने सस्पेंड किया है। आरोप है कि टीआई सीएम ड्यूटी में ही गैरहाजिर थे। उन्हें जो जिम्मेदारियां दी थीं वे पूरी ही नहीं कर पाए। डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरतने के चलते टीआई राहुल राजपूत को सस्पेंड किया है। इसके पूर्व वे द्वारकापुरी थाने में भी पदस्थ थे, लेकिन यहां भी ड्यूटी में वे कई बार लापरवाहियां बरत चुके थे। थाने के बाहर एक बाइक सवार से मारपीट कर लूट की घटना में इन्हें द्वारकापुरी थाने से भी लाइन अटैच किया जा चुका था। इस बार इन्हें सीएम डॉ. मोहन यादव के इंदौर प्रवास पर होने के दौरान टीआई राजपूत को बापट चौराहे पर विशेष इंतजाम के तहत ड्यूटी के निर्देश थे, लेकिन वे गैरहाजिर रहे। इस पर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने उन्हें सस्पेंड करने के आदेश दिए।

### साड़ी से झूला झूल रही थी फंदा कसने से मौत

**इंदौर।** चंदन नगर इलाके में 13 वर्षीय नाबालिग महिमा घर में फांसी के फंदे पर मृत मिली। परिजनों के अनुसार वह साड़ी का झूला बनाकर झूल रही थी, इसी दौरान हादसा हुआ और गले में फंदा कसने से उसकी मौत हो गई। शाम तक कमरे से बाहर नहीं आने पर परिवार ने दरवाजा खोलकर देखा तो वह फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। चंदन नगर पुलिस ने बताया कि मृतका महिमा पिता रामजी कुशवाह निवासी लक्ष्मी नगर है और आठवीं कक्षा की छात्रा थी। रविवार सुबह उसने परिवार के साथ नाश्ता किया और दिनभर सामान्य रही। दोपहर में भी कुछ वक्त भाभी से बात करने के बाद वह कमरे में चली गई। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। महिमा के पिता हाट-बाजार में दुकान लगाते हैं। परिवार में माता-पिता और महिमा का एक भाई हैं।

### बिना सूचना अनुपस्थित, तीन कर्मचारियों की सेवा समाप्त

**इंदौर।** नगर निगम ने राजस्व वसूली कार्य में लापरवाही और बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की है। तीन मस्टर वसूली सहायकों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं, जबकि एक कर्मचारी को निलंबित किया गया। यह कार्रवाई निगमायुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर की गई। जोन क्रमांक 9 में कार्यरत मस्टर वसूली सहायक दिनेश चौहान, तरुण तोमर व जोन क्रमांक 1 के अभिषेक सरवन की सेवा समाप्त की है। वहीं बेलदार नीलेश पाल को निलंबित किया है।

### 17 महीने बाद आज रात से फिर 24 घंटे चालू रहेगा इंदौर एयरपोर्ट

**इंदौर।** 1 अप्रैल से इंदौर एयरपोर्ट 24 घंटे संचालन के लिए खोल दिया जाएगा। यहां रनवे रिकार्पेटिंग का काम पूरा हो गया है। मंगलवार मध्यरात्रि 2.15 बजे सबसे पहले पुणे की फ्लाइट इंदौर एयरपोर्ट पर उतरेगी। 3.15 बजे यह वापस पुणे के लिए रवाना होगी। इसके चलते समर शेड्यूल में इंदौर से फ्लाइट संचालन 100 का आंकड़ा पार हो सकता है। इसके अलावा इंदौर को कुछ नए रूट्स के लिए भी फ्लाइट्स मिल सकेंगी। अभी इंदौर 22 शहरों से सीधे जुड़ा है। नवंबर 2024 से रिकार्पेटिंग का काम शुरू हुआ था। तब से एयरपोर्ट पर रात 10:30 से सुबह 6 बजे तक फ्लाइट का संचालन बंद था। यह काम अक्टूबर-2025 में पूरा होना था। लगातार बारिश और बिटुमिन (डामर) की कमी के कारण इसमें देरी हुई। पहले 31 दिसंबर तक काम बढ़ाया गया, फिर इसे 31 मार्च तक किया गया। 17 महीने में इंदौर एयरपोर्ट पर रनवे रिकार्पेटिंग का काम पूरा हुआ है।

### रोजमर्रा की चीजों पर 25% तक की बढ़ोतरी संभव, 30 का ब्रेड पैकेट 35 में मिलेगा

# 1 अप्रैल से महंगे होंगे ब्रेड, बिस्किट और जूते-चप्पल

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध अब आम जनता की जेब पर सीधा असर डाल रहा है। कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे पेट्रोकेमिकल से बनने वाले बायप्रोडक्ट भी महंगे हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन बाधित होने से रॉ मटेरियल की उपलब्धता भी कम हो गई है। ऐसे में 1 अप्रैल से दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं के दाम बढ़ जाएंगे।

मध्यप्रदेश एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों और उद्योगपतियों का कहना है कि दैनिक उपयोग में आने वाले सामान पर 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने वाली है। जिन वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी, उनमें ब्रेड, बिस्किट, जूते-चप्पल, प्लास्टिक उत्पाद सहित अन्य वस्तुएं शामिल हैं। अधिकांश कंपनियां नए रेट पर काम शुरू करने जा रही हैं। अब तक जो




बिस्किट का पैकेट 5 रुपए का आता था, वह 6 रुपए का मिलेगा। 30 रुपए का ब्रेड का पैकेट 35 रुपए, 100 रुपए की चप्पल 120 रुपए और 1 किलो सर्फ की थैली पर 15 से 20 रुपए की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। केमिकल फैक्ट्री की संचालक कांता यादव ने बताया कि डिटर्जेंट निर्माण में एसिड स्लरी सबसे अहम कच्चा माल है। एक किलो वॉशिंग पाउडर में औसतन 300 ग्राम तक स्लरी का उपयोग होता है। यह कच्चे तेल से बनने वाला उत्पाद है। खाड़ी देशों में हालात बिगड़ते ही इसकी उपलब्धता और कीमत दोनों प्रभावित हुई हैं। फैक्ट्री संचालकों का कहना है कि पहले मांग के अनुसार सप्लाई मिल जाती थी, अब जरूरत के मुकाबले काफी कम माल मिल रहा है। इंदौर में करीब 200 से ज्यादा यूनिट्स हैं और इनका सालाना टर्नओवर करीब 4,000 करोड़ से ज्यादा का है। एसिड स्लरी के नहीं मिलने और पैकिंग मटेरियल के महंगा होने से 1 किलो सर्फ की कीमत में 15 से 20 रुपए की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

### उद्योगों की लागत और संचालन व्यवस्था प्रभावित

- एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज, मध्यप्रदेश के अध्यक्ष योगेश मेहता ने बताया कि एलपीजी की सप्लाई प्रभावित होने से कई उद्योगों पर इसका जबरदस्त असर पड़ा है। क्रूड ऑयल से बनने वाले कई केमिकल और रॉ मटेरियल के दाम आसमान छू रहे हैं। पेट्रोकेमिकल से बनने वाले रॉ मटेरियल की कीमत 200% से 300% तक बढ़ चुकी है, जिससे उद्योगों की लागत और संचालन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है।
- उद्योगों के पास जो पुराना स्टॉक, पुराने सौदे और पुराना माल है, वह लगभग मार्च महीने तक चलेगा। इसके बाद नए रेट की सूची 1 अप्रैल से बाजार में लागू होने की तैयारी है। अप्रैल से जूते-चप्पल, प्लास्टिक उत्पाद, केमिकल उत्पाद, सर्फ, सोडा, साबुन और दैनिक जीवन की अन्य वस्तुएं महंगी होना शुरू हो जाएंगी।

### ब्रेड का पैकेट 3 से लेकर 6 रुपए तक महंगा होगा

- उद्योगपति हरीश भाटिया ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच वॉर शुरू होने से पहले जो 90 से 95 रुपए प्रति किलो का पीपी प्रोडक्ट आता था, वह आज 170 से 172 रुपए प्रति किलो हो गया है। इससे फिनिश प्रोडक्ट महंगा हो गया है। अप्रैल से 400 ग्राम का ब्रेड का पैकेट 5 से 6 रुपए तक महंगा हो जाएगा।
- 400 ग्राम से कम वजन वाले ब्रेड के पैकेट 3 से 4 रुपए तक महंगे हो जाएंगे। यह बढ़ी हुई कीमतें अप्रैल से असर में आ जाएंगी। वैसे तो कई जिलों में रेट बढ़ना शुरू हो गए हैं। हालांकि, अधिकांश कंपनियों में यह रेट अप्रैल के बाद ही बढ़ेंगे। इसकी वजह यह है कि कई कंपनियों के पास अभी पुराना स्टॉक है, जिसे पहले क्लियर किया जाएगा। इसके बाद ही नए स्टॉक पर रेट बढ़ाएंगे।

## इंदौर की बेटी ने जीता पैराताइक्वांडो में चौथा नेशनल गोल्ड

### सपना शर्मा ने दिव्यांगता को बनाया ताकत, चार बार की नेशनल चैंपियन बनीं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्य प्रदेश की पैरा ताइक्वांडो खिलाड़ी सपना शर्मा (35) ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। पैरा ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

यह उनका लगातार चौथा नेशनल गोल्ड है। वह देश की पहली ऐसी दिव्यांग खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। इस जीत ने इंदौर सहित पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। 28-29 मार्च को बेंगलुरू के कोरामंगला स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबले में सपना ने बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया। तेलंगाना की ममता को रजत



पदक और कृष्णवेणी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। सपना का प्रदर्शन पूरे टूनामेंट में शानदार रहा और उन्होंने हर मुकाबले में अपना दबदबा बनाए रखा।

सपना शर्मा की सफलता के पीछे संघर्ष और दृढ़ संकल्प की प्रेरणादायक कहानी है। दोनों पैरों में पोलियो होने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। टेबल टेनिस में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के बाद उन्होंने आर्म रेसलिंग में भी पदक जीता। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी वे अपनी पहचान बना चुकी हैं और कई सम्मान हासिल कर चुकी हैं। आर्थिक कठिनाइयों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने निरंतर अभ्यास जारी रखा। सपना का कहना है कि मजबूत हौसलों के सामने कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती, और उनका लक्ष्य देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक पदक जीतना है। सपना का कहना है कि मेरे जीवन में सबसे बड़ी चुनौती मेरी शारीरिक स्थिति रही है। आर्थिक समस्याएं, नौकरी और परिवार की जिम्मेदारियां भी थीं। कई बार ऐसा हुआ कि मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होने के बावजूद आर्थिक कारणों से नहीं जा पाई लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। हर मुश्किल को अपनी ताकत बनाया और लगातार आगे बढ़ती रही। सपना का कहना है कि मेहनत, आत्मविश्वास और कभी हार न मानने का जज्बा ही मेरी सफलता का सबसे बड़ा राज है। मैं हर दिन खुद को पहले से बेहतर बनाने की कोशिश करती हूं।

## बिजली खरीदी पर 92% खर्च उपभोक्ता सेवाओं पर फोकस

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 25466 करोड़ रुपए का बजट मंजूर कर दिया। ऊर्जा सचिव एवं पदेन चेयरमैन विशेष गढ़पाले की अध्यक्षता में हुई बैठक में भोपाल से वर्चुअली जुड़े सदस्यों ने भी बजट को अनुमोदन दिया। यह बजट पिछले साल की तुलना में करीब 11% अधिक है। बैठक में तय किया गया कि नए वित्तीय वर्ष में उपभोक्ता सेवाओं में सुधार, नए कार्यों और ग्रिड निर्माण परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर विशेष जोर रहेगा। ऊर्जा सचिव ने अधिकारियों को तय समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कर्मचारी कल्याण से जुड़े फैसले भी लिए गए। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने आगामी वर्ष की प्राथमिकताओं पर विस्तार से प्रस्तुति दी। बैठक में ऊर्जा विभाग के ओएसडी विजय गौर, वित्त विभाग के उपसचिव आरआर मीणा, डॉ. अरुणा तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक प्रकाशसिंह चौहान, संयुक्त सचिव संजय मालवीय, पीएस चौहान, अचल जैन, मुख्य वित्त अधिकारी अजयपालसिंह अवास्या, उप निदेशक बजट शोभित कमल सक्सेना, वरिष्ठ लेखाधिकारी राजेश शर्मा और कंपनी सचिव आराधना कुलकर्णी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# भाई के बेटे में दिखा राजा, घर में जश्न का माहौल

## राजा इज बैक लिखकर नवजात का भव्य स्वागत, हाथों में राजा की तस्वीर थामे आई भाभी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के बाद गम में डूबे परिवार में अब खुशी का माहौल है। उनके बड़े भाई सचिन के घर बेटे का जन्म हुआ है, जिसे परिवार राजा मान रहा है। रविवार रात को परिवार ने ढोल बजाकर जश्न मनाया।

राजा रघुवंशी की हत्या के बाद परिवार लंबे समय से दुख में था। अब सचिन के घर बेटे के जन्म से घर में खुशी लौट आई है। परिजन बच्चे को राजा कहकर पुकार रहे हैं।

परिवार के मुताबिक, जिस दिन राजा की हत्या हुई थी, उस दिन भी






ग्यारस थी। अब बेटे का जन्म भी ग्यारस के दिन और लगभग उसी समय हुआ है। इसे परिवार एक संयोग मानते हुए भावनात्मक रूप से जोड़ रहा है। रविवार रात परिवार ने घर पर ढोल बजाकर खुशी मनाई। परिजन जमकर नाचे और नए मेहमान का स्वागत किया। अस्पताल के बाहर भी ढोल बजाए गए।

सोमवार शाम को बेटे को घर लाया गया। इस मौके पर परिवार ने इस पल को पूरे उत्साह के साथ मनाया। परिवार ने पूरे घर को सजाया। मेन गेट पर लिखा राजा इज बैक। शाम को सजी हुई कार में बच्चे और मां को लेकर परिवार के लोग लेकर आए। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। परिवार के लोग ढोलक की थाप पर जमकर थिरकते नजर आए। राजा के भाई विपिन और सचिन के साथ ही परिवार के अन्य लोग ढोलक की थाप पर जमकर नाचे। पूरे उत्साह के साथ नए मेहमान का वेलकम किया गया। जब सचिन की पत्नी किरण अपने बेटे के साथ घर लौटी तो उनके हाथ में राजा की तस्वीर था। दोनों हाथों से वह राजा की तस्वीर लेकर चल रही थी। वह उमा रघुवंशी के हाथों में नन्हा मेहमान घर में आया। विपिन ने बताया कि जिस तरह राजा की शादी में खर्चा किया गया था, उसी तरह नए मेहमान के आने की खुशी में खर्चा किया गया है।

## खबर एक नजर...

### कक्षा 8वीं में साक्षी परमार ने 92.33 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया मान

**उज्जैन।** शहर की होनहार छात्रा साक्षी परमार ने कक्षा 8वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 92.33 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। साक्षी एक्टिव इंग्लिश हाई स्कूल की छात्रा हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि से स्कूल प्रबंधन सहित पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।

साक्षी की सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने नियमित अध्ययन के साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनाते हुए यह मुकाम हासिल किया। स्कूल प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि साक्षी ने विद्यालय का नाम रोशन किया है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है। छात्रा के पिता जितेन्द्र परमार और माता ललिता परमार ने बेटी की सफलता पर अपार प्रसन्नता जाहिर की। परिवार ने हमेशा उसे बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन देने का प्रयास किया, जिसका सुखद परिणाम आज सामने है। शिक्षकों ने भी साक्षी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इसी मेहनत और लगन से वह आने वाले समय में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेगी।

### संगठन कोई भी हो, सभी का मूल उद्देश्य कर्मचारी हित -एमआर मंसूरी

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एस.बी. सिंह ने राहुल चंदेरी को आगामी आदेश तक उज्जैन जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम.आर. मंसूरी, संभागीय सचिव संजय सिसोदिया, संभागीय उपाध्यक्ष एल.एन. गहलोत और जिलाध्यक्ष एस.पी. अहिरवार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में चंदेरी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार, कैलाश चंद्र रावत, संजय दिवटे, हमीद खान, सलीम पारिख और सरफराज कुरैशी के मुख्य आतिथ्य में डी.एस. परमार, गोपाल जायसवाल आदि की उपस्थिति में राहुल चंदेरी को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बारिश और ओलावृष्टि के बीच 1008 दीपकों से हुई भगवान महावीर की महाआरती

# 'मेरे महावीर झूले पलना' में बाल रूप में सजे नन्हे बच्चे, आज तपोभूमि पर निकलेगा भव्य चल समारोह





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

झमाझम बारिश और ओलावृष्टि भी श्रद्धालुओं की आस्था को नहीं डिगा सकी। श्री महावीर तपोभूमि ट्रस्ट द्वारा टॉवर चौक पर 'एक शाम भगवान महावीर के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मौसम खराब होने के बावजूद बड़ी संख्या में गुरुभक्त भगवान महावीर स्वामी की आरती करने पहुंचे। यहां 1008 दीपकों से भगवान महावीर स्वा'मेरे महावीर झूले पलना'मी और आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज की महाआरती की गई। कार्यक्रम में 'मेरे महावीर झूले पलना' के तहत छोटे-छोटे बच्चे बाल महावीर के रूप में सजकर टॉवर चौक पहुंचे। बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी महावीर स्वामी के माता-पिता के रूप में सजकर आए। सभी ने भक्तिभाव के साथ मंच से नाचते-गाते हुए महावीर जयंती का उल्लास मनाया। मीडिया प्रभारी सचिन कासलीवाल ने बताया कि आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज के आशीर्वाद से तपोभूमि ट्रस्ट द्वारा टॉवर चौक पर यह कार्यक्रम बीते 18 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है।

सचिन कासलीवाल ने बताया कि श्री महावीर तपोभूमि पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज के आशीर्वाद से 31 मार्च को शाम 5 बजे भव्य चल समारोह आयोजित किया जाएगा। यह राघव पिपलिया चौराहे से होता हुआ वापस तपोभूमि पहुंचेगा। यहां भगवान महावीर स्वामी के अभिषेक और शांतिधारा के पश्चात संपूर्ण समाज का वात्सल्य भोज आयोजित होगा। शाम 7 बजे भगवान महावीर स्वामी को विशेष आकर्षक पालने में झुलाया जाएगा, तत्पश्चात मुख्य प्रतिमा के समक्ष भव्य आरती संपन्न होगी। आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह संस्थापक अध्यक्ष अशोक जैन चायवाला, अध्यक्ष दिनेश जैन सुपर फार्मा, सचिव संजय नीलू बड़जात्या, कोषाध्यक्ष व कार्याध्यक्ष इंदरमल जैन, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सेठी व राजेंद्र रेखा लुहाड़िया, सहसचिव हितेष मनीषा जैन, सह कोषाध्यक्ष गिरीश चंदा बिलाला, गुरुकुल प्रभारी राजेंद्र लुहाड़िया, अनिल बुखारिया, सुशील गोधा, ओम जैन, संजय जैन, अतुल जैन, ग्रंथालय प्रभारी अनिल कासलीवाल, मंदिर व्यवस्था प्रभारी विमल जैन व अनिल जैन, संरक्षक कमल मोदी, पवन बोहरा व सुनील जैन ट्रांसपोर्ट, प्रज्ञा कला मंच अध्यक्ष निशि जैन, सचिव निखिल विनायका, प्रज्ञा पुष्प मंच अध्यक्ष अवनी जैन, सचिव तनिषा जैन, प्रज्ञा बाल मंच अध्यक्ष काव्य सेठी और सचिव आराध्य जैन सहित तपोभूमि परिवार एवं सकल दिगंबर जैन समाज ने किया है।

## भाजपा दौलतगंज मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

### पार्टी की विचारधारा, संगठन की मजबूती पर चर्चा के साथ दिया जनसेवा का मंत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भाजपा नगर द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भाजपा दौलतगंज मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। सोमवार को विभिन्न सत्रों में पार्टी के वरिष्ठ वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण देकर संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

भाजपा दौलतगंज मंडल अध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के दौरान वक्ताओं ने भाजपा का इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, केंद्र सरकार की योजनाएं, कार्य पद्धति और कार्यकर्ता संभाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकताओं को विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने पार्टी की विचारधारा, संगठन की मजबूती और कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य राष्ट्र सेवा और जनकल्याण है। विधायक जैन ने इस उद्देश्य को कार्यकताओं के समर्पण और सक्रियता से ही मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी कार्यकताओं से जनसेवा और संगठन के हित में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण वर्ग में वक्ता के रूप में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महापौर मुकेश टटवाल, डॉ प्रभुलाल जाटवा, जगदीश अग्रवाल, विवेक जोशी और कमल बैरवा ने कार्यकताओं को अलग-अलग विषयों पर संबोधित किया।

## महंगाई और बिजली दर वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

### शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन; 1 अप्रैल से प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि वापस लेने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दामों में की गई वृद्धि, देश में पेट्रोल-डीजल की कमी और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बिलों में की जा रही बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस ने अपना विरोध दर्ज कराया है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी उज्जैन ने इन जनसमस्याओं को लेकर कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि केंद्र और राज्य सरकार आम नागरिकों के हितों के विपरीत कार्य कर रही हैं। ज्ञापन में बताया गया कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडरों के मूल्य में वृद्धि की गई है। इसके साथ ही संपूर्ण राष्ट्र में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की किल्लत बनी हुई है, जिससे आम उपभोक्ताओं को जीवन यापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि समर्थन मूल्य पर 1 अप्रैल से गेहूं की खरीदी होने वाली थी, लेकिन मध्य प्रदेश सरकार ने इसकी तारीख बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी है। इसके कारण अब मजबूरन किसानों को बिना समर्थन मूल्य के ही सस्ते दामों पर अपनी फसल बेचनी पड़ेगी। भाटी ने सरकार के इस फैसले की कड़ी निंदा करते हुए इसे किसानों के साथ छलावा बताया है। कांग्रेस ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि वे आम जनता को राहत देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को निर्देशित करें। साथ ही यह मांग की गई है कि गैस सिलेंडर, डीजल और पेट्रोल की कमी को केंद्र सरकार शीघ्र ही दूर करे। प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, संगठन महासचिव अजय राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष संचित शर्मा, अभिषेक शर्मा, बबलू खींची, आनंद मीणा, रहीम लाला, चंद्रभान सिंह चंदेल, दुर्गेश धवन, इमरान खान, अर्पित दुबे, देवव्रत यादव, सपना सांखला, प्रेमलता रामी, अनवर खान, छोटेलाल मंडलोई, धीरज यादव, सादिक कुरैशी, चैन सिंह चौधरी, रश्मि त्रिवेदी, नीलम विश्वास, उषा मालवीय, सबा कुरैशी, अतुल सक्सेना, राहुल लोट, प्रकाश सोलंकी, चुन्नीलाल ध्रेय, गजेंद्र मारोठिया, राहुल गहलोत, संदीप सूर्यवंशी, प्रतीक भावसार, पीयूष सारवान, वासुदेव रावल, निलेश खुले, वीरेंद्र शर्मा, आत्माराम मालवीय और रंजीत बोडाना सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने कहा- पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के बाद ट्रेनिंग; 10वीं-12वीं पास युवाओं के लिए अवसर

### आवेदक को मिलेगा 2 माह का प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आईटीआई उज्जैन में आर्टिफिशल इंटेलिजनेस (अक), रोबोटिक्स, ड्रोन, 3ऊप्रिंटिंग और वेब 3.0 जैसी आधुनिक तकनीकों की शिक्षा प्रदान की जा रही है। पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर ट्रेनिंग प्राप्त करने के बाद उद्योगों में रोजगार मिल सकेंगे।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार दोपहर प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय



सभागृह में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरुप जिले में युवाओं को ट्रेनिंग देकर रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर ट्रेनिंग प्राप्त करने के बाद उद्योगों में रोजगार सुनिश्चित करने के लिए एमपीआईडीसी, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, डीआईसी आदि को समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। पोर्टल पर 12वीं पास किए हुए आवेदक 2 माह के प्रशिक्षण और मूल्यांकन के बाद सोलर इंडस्ट्री में और 10वीं पास आवेदक 2 माह के प्रशिक्षण के बाद गारमेंट इंडस्ट्री में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

कलेक्टर ने आईटीआई में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 अंतर्गत आईटीआई उज्जैन में नए युग के कोर्स आर्टिफिशल इंटेलिजनेस(अक), रोबोटिक्स, ड्रोन, 3ऊ प्रिंटिंग और वेब 3.0 जैसी आधुनिक तकनीकों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर युवाओं की वैश्विक मार्केट के अनुसार स्किल सेट तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2025-26 में 10 रोजगार, स्वरोजगार युवा संगम मेलों में 1779 आवेदकों का रोजगार के लिए प्रारंभिक चयन, 214 छात्रों को अप्रेंटिसशिप का अवसर प्राप्त हुआ है और 2313 आवेदकों को स्वरोजगार प्राप्त हुआ है।

## खबर एक नजर...

### सोमयज्ञ : नौ फीट ऊपर उठी यज्ञ की अग्नि

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर के अन्नक्षेत्र परिसर में अच्छी बारिश के लिए सोमयज्ञ किया जा रहा है। छह दिवसीय अनुष्ठान 2 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग विधियां की जा रही है। सोमवार को अनुष्ठान के दौरान यज्ञ की अग्नि नौ फीट ऊपर तक उठी।

वैदिक विद्वान सोमवल्ली वनस्पति से सोमरस तैयार कर इंद्र, वरुण आदि वृष्टि के देवताओं की प्रसन्नता के लिए आहुति दे रहे हैं। इसके लिए विशाल यज्ञशाला का निर्माण कराया गया है। दक्षिण भारत के श्रेष्ठ विद्वान इस अनुष्ठान की विधियां करवा रहे हैं। अनुष्ठान के तीसरे दिन शहर में जोरदार बारिश भी हुई। सोमयज्ञ में आहुति देने के लिए पहाड़ी क्षेत्र से सोमवल्ली वनस्पति को लाया गया है। यज्ञशाला में विशेष प्रकार की लकड़ियों से यज्ञकुंड बनाए हैं। कुंड के पास समिधा तैयार कर रखी गई है। छह दिन तक यहां विधि-विधान से यज्ञ किया जाएगा। उद्देश्य : इस यज्ञ का मुख्य उद्देश्य देशभर में अच्छी वर्षा, पर्याप्त फसल और पर्यावरण संतुलन सुनिश्चित करना है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सोमयज्ञ से इंद्रदेव प्रसन्न होते हैं और समय पर वर्षा होती है। अनुष्ठान की अवधि: यह विशेष अनुष्ठान 6 दिनों तक चलता है। यह करते हैं : इस यज्ञ को महाराष्ट्र और कर्नाटक से आए लगभग 25 अनुभवी और विद्वान पुजारी (ऋत्विक ब्राह्मण) करते हैं। इसमें 16 मुख्य ऋत्विक होते हैं जो वेदों और श्रौत यज्ञों में प्रशिक्षित होते हैं। यज्ञ की अग्नि का प्रज्वलन अरणि मंथन (लकड़ी के घर्षण) द्वारा किया जाता है। यज्ञ में हवि के रूप में मुख्य रूप से सोमवल्ली (सोमरस) का उपयोग होता है। दूसरे से चौथे दिन प्रवर्ग्य विधि होती है, जिसमें महावीर नामक मिट्टी के पात्र में देसी गाय के घी, गाय और बकरी के दूध के मिश्रण की आहुति दी जाती है। यज्ञशाला को पीली मिट्टी, गोबर और ईंटों से तैयार विशेष मंडपों में विभाजित किया गया है। सोमयज्ञ देश में किया जाने वाला दुर्लभ वैदिक अनुष्ठान माना जाता है। धर्मग्रंथों में भी प्रजा की सुख-समृद्धि, उत्तम वर्षा और श्रेष्ठ धान्य उत्पादन के लिए इस प्रकार के अनुष्ठान का उल्लेख मिलता है। अक्षय कृषि परिवार व महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान की ओर से श्री महाकालेश्वर मंदिर के अन्नक्षेत्र में पास यह अनुष्ठान करवाया जा रहा है।

### नपा कर्मचारी दशरथ कौशल का निधन

**नीमच।** शहर के फूल वाले कौशल परिवार के सदस्य एवं नगर पालिका के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दशरथ कौशल (फूल वाले) का शुक्रवार को 60 वर्ष की आयु में हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 28 मार्च को सिटी रोड स्थित मुक्तिधाम पर हुआ, जहां परिजनों, समाजजनों व गणमान्य नागरिकों ने अंतिम विदाई देकर शोक श्रद्धांजली अर्पित की। घंटाघर के पास छोटी मंडी शिवगंज निवासी स्व. गजाधरजी कौशल के सुपुत्र तथा धर्मजीत के पिताजी दशरथजी कौशल हंसमुख एवं मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। वे नगर पालिका में पूरी निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी पूरी करने के साथ घंटाघर के पास फूलमाला के पैतृक व्यवसाय में भी परिजनों की सहायता करते थे।

# महाशक्ति का सामना कर शांति का संदेश देता नाटक हड्डी का मंचन

### 19 दिवसीय नवांकुर नाट्य-नृत्य कार्यशाला का समापन, बाल कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बच्चों में रंगकर्म के संस्कार रोपित करने के उद्देश्य से सिंधु प्रवाह अकादमी द्वारा कालिदास अकादमी के पंडित सूर्यनारायण व्यास संकुल में रविवार को सुप्रसिद्ध नाटककार असगर वजाहत रचित नाटक 'हड्डी' और विभिन्न आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। यह आयोजन अकादमी की 19 दिवसीय नवांकुर नाट्य-नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन अवसर पर हुआ।

समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता रूप पमनानी, कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक गोविंद गंधे, मालवी बोली के मूर्धन्य साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया और वरिष्ठ शिक्षाविद् चिमनदास लखानी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष कुमार किशन ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि संचालन और आभार प्रदर्शन संस्था उपाध्यक्ष डॉ. पल्लवी किशन ने किया। संस्था के कोषाध्यक्ष राजकुमार परसवानी ने बताया कि 11 से 29 मार्च तक आयोजित इस कार्यशाला में लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला में नाटक का प्रशिक्षण कुमार किशन और नृत्य का प्रशिक्षण डॉ. पल्लवी किशन द्वारा दिया गया। मंच संयोजन विजय भागचंदानी का रहा। इस अवसर पर संस्कार भारती के जिला महामंत्री संजय शर्मा, नगर अध्यक्ष माया बधेका, सुंदरलाल मालवीय, रवींद्र देवलेकर, शीला व्यास, नरेंद्र सबनानी और सुदर्शन आयाचित सहित शहर के कई वरिष्ठ कलाकार और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नाटक में बिल्ला की भूमिका शांतनु भागचंदानी, परी की परिधि उत्तमानी और बड़े चूहे की भूमिका कुणाल खत्री ने निभाई। अन्य चूहों के किरदार में स्तुति खत्री, चिराग सामदानी, चिराग तोलानी, मोही थारवानी और अबीर राठौर ने शानदार अभिनय किया। वहीं नृत्य प्रस्तुतियों के अंतर्गत कुमारी काश्वी नागर ने शिव स्तुति, कुमारी रिद्धिमा खंडेलवाल ने तराना (उप शास्त्रीय कथक) और कुमारी ईशान्वी राठौर ने चतुरंग (उप शास्त्रीय कथक) पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही राजस्थानी लोकनृत्य में रोशिता सोनी, जान्हवी चांडक, कीरत, हृदन्या अग्रवाल, दृष्टि अग्रवाल और भव्या पमनानी ने आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

### नगर निगम का बजट पूर्ण रूप से काल्पनिक, नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बताया केवल ब्रांडिंग वाला बजट

# पिछले वर्ष 4500 करोड़ के प्रावधान में से सिर्फ 550 करोड़ हुए खर्च, शहर की जनता की बुनियादी उम्मीदों पर फिरा पानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सोमवार को आगर रोड स्थित नगर निगम मुख्यालय छत्रपति शिवाजी भवन में सदन आयोजित किया गया। सदन में वित्तीय वर्ष 26 27 के बजट पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने निगम की कार्यप्रणाली पर जमकर सवाल उठाए। उन्होंने पेश किए गए बजट को पूर्ण रूप से काल्पनिक और केवल ब्रांडिंग वाला बजट करार दिया।

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने आंकड़ों पर बात करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 25 26 में भी 4500 करोड़ का प्रावधान किया गया था और इस वर्ष भी इतनी ही राशि का बजट लाया गया है। हकीकत यह है कि पिछले वित्तीय वर्ष में निगम सिर्फ 550 करोड़ रुपए ही खर्च कर पाया। बजट में शामिल लगभग दो दर्जन खेल प्रतियोगिताएं आयोजित ही नहीं की गई। इसके अलावा नवदुर्गा महोत्सव, योगेश्वर टेकरी पर कार्यक्रम, रामलीला मंचन और झांज मंजीरे के लिए भी कोई राशि आवंटित नहीं की गई।

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने आरोप लगाया कि निगम की सड़कों पर पीडब्ल्यूडी और विकास प्राधिकरण काम कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश भाजपा सरकार को अपने ही बोर्ड पर विश्वास नहीं है, जो दूसरे विभागों से काम करा रहा है। निगम प्रशासन स्वयं की ब्रांडिंग के लिए बड़े बड़े होर्डिंग, बैनर और पोस्टर लगा रहा है।

इस बजट से शहर की जनता को भारी आशा थी कि पर्याप्त स्वच्छ पानी मिलेगा, गार्डन हरे भरे होंगे, गली मोहल्ले की पुरानी नालियां रिपेयर होंगी और प्रकाश व्यवस्था सुधरेगी। गरीब ठेले और गुमटी वालों के लिए किसी हाकर झोन के बनने की भी उम्मीद थी, लेकिन यह बजट जनता की कसौटी पर खरा नहीं उतरा।

### घट्टिया : गैस-पेट्रोल, डीजल, किसान मुद्दों पर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश परमार के नेतृत्व में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घट्टिया ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें गैस, पेट्रोल, डीजल के दाम, किसान, आमजन की समस्याओं का जिक्र किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जल्द से जल्द समस्याओं का हल करने का आग्रह करते हुए चेतावनी दी कि समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी। ज्ञापन देने वालों में वीरसिंह राणा, सुरेंद्र सिंह चौहान, दरबार सिंह, राजेंद्र सिंह, रफीक मंसूरी, कानीराम मालवीय, हरलाल मालवीय कांग्रेसजन शामिल थे।

# बाल संस्कार पाठशाला में बच्चों ने सीखे जीवन कौशल और धार्मिक संस्कार

### 6 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में नन्हें बच्चों ने मिलकर की 150 सामायिक की साधना



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महावीर जैन स्थानकवासी न्यास सुभाष नगर द्वारा संचालित बाल संस्कार पाठशाला के छह दिवसीय ग्रीष्मकालीन संस्कार शिविर का भव्य समापन हुआ। 24 से 29 मार्च तक चले इस शिविर में बच्चों ने धार्मिक ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल की बारीकियों को भी समझा। शिविर में 3 से 15 वर्ष तक के 49 बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भक्तिमय वातावरण में नन्हें बच्चों ने मिलकर लगभग 150 सामायिक की साधना की। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को सामायिक का मर्म, 25 बोल, 67 बोल, 14 स्वप्न और तीर्थंकर चिह्नों के महत्व से अवगत कराया। इसके साथ ही, आज के युग में स्मार्ट वर्क और लाइफ स्किल्स की उपयोगिता पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए प्रतिदिन धार्मिक गेम्स, ध्यान और प्रार्थना के साथ लक्की ड्रॉ, प्रभावना एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था रही।

#### अतिथियों ने की संस्कारों की सराहना

समापन समारोह में रोहिणी लोढ़ा एवं अमिता मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों द्वारा सीखे गए संस्कारों की सराहना की। शिविर को सफल बनाने में अर्चना बापना, ऋतु जैन, दीपिका मारू, हेमा दलाल, अखिला जैन, विनय कोठारी, प्रवीण चौरड़िया और यश जैन ने अपनी निस्वार्थ सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का सफल संचालन ऋतु जैन ने किया एवं अंत में विनय कोठारी ने सभी आगंतुकों व सहयोगियों के प्रति आभार माना।

### किसानों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ रही है कांग्रेस- मालेचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मल्हारगढ़

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ एवं संजीत (बूढ़ा) द्वारा संयुक्त रूप से प्रातः 11.30 बजे गाडगिल चौराहे पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके बाद नगर के प्रमुख मार्गों से नारेबाजी करते हुए एवं गैस सिलेंडर को कंधे पर उठाकर विरोध प्रदर्शन किया गया तथा महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार पंकज जाट को सौंपा गया। कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर की विशेष उपस्थिति में आयोजित हुआ।


## पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस ⇌ वीरांगना लक्ष्मीबाई के बीच विशेष ट्रेन का संचालन

| गाड़ी संख्या | प्रारंभिक एवं गंतव्य स्टेशन | प्रभावी कार्य दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 02200 | बांद्रा टर्मिनल - वीरांगना लक्ष्मीबाई (सुपरफास्ट) | 04.04.2026 से 11.07.2026 | 05.10 बजे (शनिवार) | 05.00 बजे (अगले दिन) |
| 02199 | वीरांगना लक्ष्मीबाई - बांद्रा टर्मिनस (सुपरफास्ट) | 02.04.2026 से 09.07.2026 | 16.50 बजे (गुरुवार) | 16.10 बजे (अगले दिन) |

पड़ाव : बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, ब्यावरा-राजगढ़, चाचौड़ा बीनागंज, रुठियाई, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, डबरा और दतिया दोनों दिशाओं में।

संरचना : एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी) शयनयान और द्वितीय सामान्य श्रेणी के डिब्बे।

संबंधित विशेष गाड़ियों के पड़ावों संबंधित विस्तृत समय की सूचना हेतु कृपया www.equiry.indianrail.gov.in पर संपर्क करें।

गाड़ी संख्या 02200 की बुकिंग 31.03.2026 से सभी पीआरएस काउंटर्स तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक और फॉलो करें :
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

## खबर एक नजर...

### मंडी में नीलामी प्लेटफार्म सूने पड़े

**उज्जैन।** कृषि उपज मंडी के कारोबारी के लिए 31 मार्च की क्लोजिंग अर्थात वार्षिक लेखा बंदी वित्तीय वर्ष का सबसे महत्वपूर्ण समय है। अब ऑनलाइन मार्च एंडिंग के रूप में पहचाना जाता है। इसमें वर्षभर के व्यापार का लेखा-जोखा डिजिटल रूप से फाइनल होता है। कारोबारी ऑनलाइन इंट्री को 31 मार्च की रात 12 बजे तक अपडेट करते है। इससे वर्षभर की सही स्थिति लाभ-हानि लेना-देना पता चल जाता है।

मंडी में भौतिक स्टॉक, फिजिकल स्टॉक का मिलान ऑनलाइन रिकॉर्ड से किया जाता है। 31 मार्च के रात को जो स्टॉक शेष रहता है उसे क्लोजिंग स्टॉक के रूप में ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर दिया जाएगा। मंडी टैक्स व्यापारी अपनी व्यापारिक फर्म द्वारा की गई खरीद पर बने मंडी टैक्स और अन्य लेनदेन का मिलान कर इसे फाइनल करते हैं। इन दिनों मंडी में मार्च एंडिंग के चलते अवकाश चल रहे है। ऐसे में मंडी में किसानी आवक जीरो पर ट्रोल हो रही है। नीलामी प्लेटफार्म सुने पड़े हैं। व्यापारियों द्वारा मंडी से खरीदा गया गेहूं लोड होकर बाहर जा चुका है। अब कुछ गाड़ी और लोड हो रही है, लेकिन 31 मार्च की रात 12 बजे बाद 1 अप्रैल से नया वित्त वर्ष शुरू हो जाएगा।

मंडी कारोबारी 30 मार्च की सुबह से रात 8 बजे तक कंप्यूटर पर तकनीकी कर्मचारियों को बिठाकर हिसाब को देख रहे थे। कारोबारी 1 अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष में प्रवेश करते हुए नया व्यापार शुरू करेंगे। मध्य प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड ने कृषि उपज मंडी को ऑनलाइन सिस्टम से पूरी तरह से लिंक कर दिया है। 1 अप्रैल से अब किसान बिल भी ऑनलाइन होने जा रहे हैं। इससे किसानों को किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी कम-ज्यादा वजन, कम भुगतान, भाव कम-ज्यादा इससे छुटकारा मिलेगा। मंडी में सीजन में 5 से 6 करोड रुपए का गेहूं किसान बेचने आते हैं और मंडी को भी टैक्स अच्छा मिलता है। मंडी बोर्ड मध्य प्रदेश भोपाल के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने प्रदेश की सभी 256 कृषि मंडी में ऑनलाइन सिस्टम को पूरी तरह से चलाने के लिए निर्देश दिए है। ऐसे में अब सभी कृषि उपज मंडी ऑनलाइन सिस्टम की ओर बढ़ चुकी है और कार्य भी शुरू हो चुका है।

### एल्डर में नियुक्ति पर नगरवासियों में खुशी

**पिपलिया मंडी।** नगर परिषद पिपलिया मंडीमें वरिष्ठ पार्षद एल्डरमैन भाजपा नेता श्री रूपचंद होतवानी, श्री ललित बंबोरिया, पूर्व पार्षद श्रीमती मुक्ति मनोहर काबरा, श्री हेमंत पाटीदार की नियुक्ति होने पर नगर के सभी स्नेही जनों ने उपरोक्त नियुक्ति पर बधाई हार्दिक शुभकामनाये देते हुए मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव डिप्टी सीएम श्री जगदीश देवड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश दिक्षित का आभार व्यक्त किया।

### उज्जैन में 3 दिन चलेगा 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम'

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान पर होगा वैश्विक मंथन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 3 अप्रैल को उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे। यह सम्मेलन 3 से 5 अप्रैल तक उज्जैन के समीप डोंगला में होगा। सम्मेलन का उद्घाटन उज्जैन स्थित तारामंडल परिसर में होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन, जो प्राचीन काल से समय गणना और खगोल विज्ञान का केंद्र रही है, यहां एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक और बौद्धिक संगम होने जा रहा है। आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर केंद्रित यह सम्मेलन देश-विदेश के वैज्ञानिकों, खगोलविदों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञ कार्यक्रम में शामिल होंगे।



कार्यक्रम में साइंस सेंटर का उद्घाटन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में यूएवी (अनमैन्ड एरियल व्हीकल) एवं आरसी (रिमोट कंट्रोल) और सैटेलाइट मेकिंग (उपग्रह निर्माण) विषयों पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

तीन दिवसीय कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) और विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा, कार्यक्रम उज्जैन से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित डोंगला में आयोजित होगा। डोंगला को कर्क रेखा के यहां से गुजरने के कारण इसे काल गणना का प्रमुख केंद्र माना जाता है। सम्मेलन में उज्जैन-डोंगला को वैश्विक मेरिडियन (मध्यान रेखा) के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की जाएगी।

#### इन प्रमुख विषयों पर होगा विचार-विमर्श

सम्मेलन में आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रमुख विषयों में विकसित भारत में स्पेस इकोनॉमी की भूमिका, खगोल विज्ञान, एस्ट्रोफिजिक्स एवं कॉस्मोलॉजी की नवीनतम तकनीक, भारतीय काल गणना पद्धति का वैज्ञानिक आधार, कालचक्र की अवधारणा और स्पेस सेक्टर से जुड़ी रणनीतियां शामिल हैं।

### ओली आराधना : दो हजार साधकों ने किया सम्यक दर्शन पद का जाप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खाराकुआं स्थित आराधना स्थल पर चल रही नौ दिवसीय नवपद ओली के छठे दिन साधना का चरम दिखा। यहां देशभर से जुटे करीब दो हजार आराधकों ने एकसाथ सम्यक दर्शन पद का जाप किया। समवेत आराधना के चलते परिसर में माहौल भक्तिपूर्ण रहा। सोमवार की साधना विशेष रूप से सम्यक दर्शन पर केंद्रित रही, जिसमें आराधकों ने एकाग्रता और श्रद्धा के साथ भाग लिया। प्रवचन में गुरुदेव ने सम्यक दर्शन का महत्व बताते हुए कहा कि यदि जिनशासन की नींव किसी एक तत्व पर टिकी है तो वह सम्यक दर्शन है और किसी भी परिस्थिति में समता का भाव बनाए रखना ही इसका वास्तविक स्वरूप है। कार्यक्रम में भारत सरकार के अल्पसंख्यक आयोग की विशेषज्ञ सलाहकार सदस्य इंदु जैन भी पहुंचीं और आराधकों से कुशलक्षेम पूछकर उनके तप की अनुमोदना की। इस अवसर पर लाभार्थी परिवार, शैलेष सहित संयोजक संजय नाहर और नवरत्न परिवार ने उनका बहुमान किया। मोहनखेड़ा ट्रस्ट के ट्रस्टी मेघराज जैन, सुजानमल सेठ, संजय सराफ और भाजपा नेता ओम जैन भी गुरुदेव का आशीर्वाद लेने पहुंचे।

### शहर में स्मार्ट मीटर की कमी पुराने मीटर से चल रहा काम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। बिजली कंपनी के पास पिछले एक माह से स्मार्ट मीटर पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से काम धीरे चल रहा है। कंपनी के पास नए मीटर लगाने के आवेदन बढ़ते जा रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी महाश्वेता, महानंदा और खेड़ापति जोन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में आ रही है। महानंदा जोन के अधिकारी ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने और पुराने मीटर बदलने का काम जारी है। मीटर नहीं होने के कारण 4-6 दिन काम लेट हो जाता है।

दरअसल, शहर को दो जोन में बांटकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। जोन-1 में 74000 बिजली उपभोक्ता है, जहां 38000 से ज्यादा उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। वहीं जोन-2 में भी 73000 बिजली उपभोक्ता है, जहां 36000 से ज्यादा उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। लगभग 60 प्रतिशत टारगेट पूरा हो चुका है। शेष स्थानों पर भी जल्द से जल्द मीटर बदले जाएंगे।

# उज्जैन नगर निगम बजट 2026-27 पास

## सिंहस्थ तैयारी, सड़क निर्माण और सौंदर्यीकरण पर रहेगा जोर





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित हो गया है। लगभग 4592 करोड़ रुपए के आय-व्यय वाले इस बजट में 22.50 लाख रुपए की बचत का अनुमान है। इस बजट में सिंहस्थ की तैयारियों, सड़क निर्माण, सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

यह बजट सोमवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में आयोजित उज्जैन नगर पालिक निगम के स्थगित सम्मेलन में पारित किया गया। इस दौरान महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, पार्षद और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बजट को सर्वसम्मति और ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। महापौर मुकेश टटवाल ने बजट भाषण प्रस्तुत करते हुए इसे अपने कार्यकाल का चौथा बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट शहर के समग्र विकास और आगामी सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। संशोधित बजट के अनुसार, कुल आय 4592 करोड़ 18 लाख रुपए और कुल व्यय 4591 करोड़ 95 लाख रुपए निर्धारित किया गया है। इससे 22.50 लाख रुपए की बचत होने का अनुमान है। निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने बताया कि बजट पर पक्ष और विपक्ष के बीच सार्थक चर्चा हुई। निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने बताया कि बजट पर पक्ष और विपक्ष के बीच सार्थक चर्चा हुई। बजट में सिंहस्थ की तैयारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसमें शहर सड़क चौड़ीकरण, चौराहा और उद्यान सौंदर्यीकरण, पार्किंग निर्माण, कचरा प्रबंधन और जल आपूर्ति जैसी प्रमुख योजनाएं शामिल हैं। हरियाखेड़ी जल परियोजना के तहत 821 करोड़ रुपए के कार्य भी प्रगति पर हैं। इसके अतिरिक्त, शहर में 12 नई सड़कों का निर्माण, 31 सीसी रोड और फुटपाथ का निर्माण, पेवर ब्लॉक कार्य और विभिन्न प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण का काम चल रहा है।

# बरबड़ मेले में चंटिया रास का लुफ्त उठाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

नगर निगम द्वारा 29 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले पहली बार आयोजित पुरुष चंटिया रास में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व नागरिकों ने चंटिया रास का लुफ्त उठाया।पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले में इस बार किये गये नवाचार को नागरिकों सराहते हुए बरबड़ मेला प्रांगण में आयोजित पुरूष चंटिया रास में महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, राजस्व समिति प्रभारी दिलीप गांधी, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण आदि के साथ नागरिकों ने विभिन्न गीतों की धुनों पर चंटिया रास का लुफ्त उठाया।आयोजित चंटिया रास में निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों की इन्ट्री करते हुए उन्हे नम्बर के बैच प्रदान किये प्रतिभागियों द्वारा नम्बर के बैच लगाकर चंटिया रास किया । चंटिया रास में कई प्रतिभागियों ने फेंसी ड्रेस में चंटिया रास किया।महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि चंटिया रास में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विजेताओं को फ्रीज, वॉशिंग मशीन, स्मार्ट एलईडी टीवी, फेंसी ड्रेस में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विजेताओं को कूलर, मिक्सर व इंडक्शन से पुरस्कृत किया जावेगा तथा सांत्वना पुरूस्कार भी प्रदान किये जायेंगे।



### राम मंदिर से आज निकलेगी हनुमानजी की झांकी

रतलाम। नगर निगम द्वारा 29 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले के तहत आज 31 मार्च मंगलवार को राम मंदिर से बरबड़ हनुमान मंदिर तक हनुमानजी की झांकी, चल समारोह व संयुक्त अखाड़ा सांय 6 बजे निकाला जायेगा। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि बरबड़ हनुमान मेले में इस बार नगर निगम परिषद द्वारा नवाचार किया गया है जिसके तहत ३१ मार्च मंगलवार को राम मंदिर से हनुमानजी की भव्य झांकी, चल समारोह व संयुक्त अखाड़ा निकाला जायेगा जिसमें अखाड़ो के पहलवान एक ही बैनर पर अपनी शस्त्र कला का प्रदर्शन करेंगे।

### महानगरों की आपाधापी के बीच पनपते प्रेम संबंध दिखाता नाटक बत्तीस छत्तीस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में चल रहे राष्ट्रीय नाट्य समारोह के तहत सोमवार शाम नाटक बत्तीस छत्तीस की मोहब्बत का मंचन हुआ। आयोजन संस्था कला चौपाल ने संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया। नाटक प्रसन्न सोनी ने लिखा और निर्देशन भी किया। प्रस्तुति सीधी जिले की रंगदूत नाट्य समिति ने दी। प्रमुख भूमिका राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की स्नातक भारती शर्मा सोनी ने निभाई। मंच पर प्रसन्न सोनी भी नजर आए। कहानी महानगरों की भागदौड़ और अकेलेपन के बीच पनपते प्रेम संबंधों पर केंद्रित रही।

# 530 ग्राम एमडी ड्रग्स और 5 किग्रा डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

स्थानीय वायडी नगर थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए महू-नीमच हाईवे रोड स्थित स्टील नगर के पास घेराबंदी की। इस दौरान मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर के समीप एक संदिग्ध काले रंग की हुण्डई वर्ना कार क्र. एमपी 33 सी 8850 की जांच के दौरान पुलिस ने कार से 530 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही कार से 5 किलो ग्राम अवैध डोडाचूरा भी जब्त किया गया। पुलिस ने मौके से आरोपी रमेशचन्द्र पाटीदार पिता टेकचन्द पाटीदार, निवासी रठाना (थाना अफजलपुर) को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मादक पदार्थों के साथ-साथ तस्करी में प्रयुक्त वर्ना कार और एक सैमसंग मोबाइल भी जब्त किया है, जिनकी कुल मश्रका कीमत करीब 10 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।



## टेम्पों की टक्कर से 6 बाराती घायल

**मन्दसौर।** जिले के अफजलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीखेड़ा में शादी के दौरान निकल रही बिंदोली में शामिल लोगों को एक बिना नम्बर के टेम्पों ने टक्कर मार दी जिससे ६ से अधिक बाराती घायल हो गये। घायलों में तीन को गंभीर चोंटे आने पर उ न्हें उपचार हेतु सिविल हॉस्पिटल मंदसौर भर्ती किया गया है। घटना से गुस्साये लोगों ने आरोपी वाहन चालक को पकड़कर उसकी धुनाई की तथा उसे पुलिस के सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा 29 मार्च की रात करीब 11 से 11.30 बजे के बीच का है। जिसकी रिपोर्ट गोवर्धन उर्फ राजकुमार पिता राजाराम धनगर निवासी जोगीखेड़ा ने की। फरियादी की रिपोर्ट पर सफेद रंग का टाटा मेजिक टेम्पों बिना नम्बर के चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।



## जैन पत्रकार परिषद का अवार्ड समारोह में पत्रकार राहुल जैन सम्मानित

नीमच। प्रदेश के जैन पत्रकार परिषद का अवार्ड समारोह उज्जैन के शंकराचार्य मठ में नवरत्न कृपा प्राप्त आचार्य विश्व रत्नसागर जी महाराज साहब के मार्गदर्शन में संपन्न हूआ। समारोह सुबह 10 बजे से शुरू हुआ जिसमें स्वागत भाषण जैन पत्रकार परिषद के प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड ने दिया उसके बाद आचार्य श्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा है कि पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में धैर्य धारण करते हुए अपना काम करता हैं जो एक विरला व्यक्ति ही कर सकता हैं। पत्रकार किसी को अर्श से फर्श पर तो किसी को अर्श से फर्श तक पहुंचाने का माद्दा रखता हैं। जैन पत्रकार परिषद के आयोजन में पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में जैन पत्रकार एकत्रित हुए थे। जिसमे पूरे प्रदेश से 11 पत्रकारों को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया जिसमें नीमच जिले से दैनिक मालव दर्शन के उपसंपादक एवं नीमच जिला प्रेस क्लब रजि. के अध्यक्ष राहुल जैन को पत्रकारिता में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए कार्यक्रम के लाभार्थी परिवार शा.बाबूलालजी,धनराजजी,डोडिया गांधी परिवार अहमदाबाद ने सम्मानित किया। इस अवसर पर नीमच जिले से राजेश भंडारी,कृष्णकांत जैन,विमल जैन,संजय नागोरी,आयुष भंडारी,अनिल जैन,राजकुमार जैन,संजय जैन उपस्थित थे।

# रतलाम पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक श्री बलदेवसिंह चौधरी एवं प्रधान आरक्षक श्री नाथूसिंह को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक गरिमामय समारोह में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

एसपी अमित कुमार ने दोनों अधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर, शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने दोनों के दीर्घ एवं सराहनीय सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए उनके योगदान को याद किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के पारिवारिक जीवन की जानकारी लेते हुए उन्हें आगामी जीवन परिवार के साथ सुखपूर्वक बिताने एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। उप निरीक्षक बलदेवसिंह चौधरी ने कुल 38 वर्ष 7 माह 21 दिन की उल्लेखनीय सेवा दी, जबकि प्रधान आरक्षक श्री नाथूसिंह ने 41 वर्ष 07 माह 05 दिन का लंबा सेवाकाल पूर्ण किया। दोनों अधिकारियों ने अपने सेवाकाल के दौरान विभिन्न दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करते हुए विभाग को महत्वपूर्ण योगदान दिया।



इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत, मुख्य लिपिक श्रीमती अर्चना आमेरिया, पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य लिपिक श्रीमती अर्चना आमेरिया ने किया।

समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रतलाम पुलिस परिवार की ओर से उनके सेवाकाल के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सफल, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

# जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन, ज्ञापन भी सौंपा

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर और ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ गांधी चौराहे पर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकताओं ने बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि, पेट्रोल-डीजल की किल्लत और 1 अप्रैल से प्रस्तावित बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। आवश्यक वस्तुओं के लिए लोगों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, जो सरकार की विफलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि टैक्स में राहत देकर कंपनियों को फायदा पहुँचाया गया, लेकिन जनता को लाभ नहीं मिला। वहीं, प्रदेश की मोहन यादव सरकार द्वारा बिजली बिल बढ़ाने के निर्णय को उन्होंने जनविरोधी बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। कार्यक्रम का वाचन मंडलम अध्यक्ष रमेश ब्रिजवानी ने किया, संचालन अजय मारू ने किया और आभार डॉ. घनश्याम कुमावत ने माना।

## विवाहिता ने प्रताड़ना से तंग आकर एसीड पीकर किया आत्महत्या का प्रयास

नीमच । शहर के बवाना थाना क्षेत्र के द्वारकापुरी में ससुराल पक्ष की प्रताड़ना परेशान होकर एक विवाहिता ने 28 को एसिड पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालत में पीड़िता का किरण पति टीकम यादव का अस्पताल मे उपचार जारी है। मामले में पीड़िता ने सास शांति और दोनों जेठ हेमंत व सोहित यादव गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है । पीड़िता के आरोप है कि सास और के मार्च कीमती सामान बेच दिया। विरोध करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देती थी। 27 मार्च को जब किरण घर गई, तो आरोपियों ने मारपीट कर गालियां दीं। इसी भय और भर प्रताड़ना से तंग आकर उसने एसिड पिने जैसा आत्मघाती मांग कदम उठाया। अब उसने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## बिना सत्संग और परोपकार के मानव जीवन पशु समान-संत दिग्विजय महा.

मन्दसौर। धर्मधाम गीता भवन में स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज के सानिध्य में आयोजित सत्संग में रामस्नेही सम्प्रदाय के युवा संत दिग्विजय महाराज ने कहा कि जिस मनुष्य के जीवन में भगवान का स्मरण, साधु संगति और परोपकार नहीं है, उसका जीवन पशु के समान है। संतश्री ने कहा कि भोजन से शरीर पुष्ट होता है, जबकि भजन से मन पुष्ट होता है। स्वस्थ और शांत मन ही ईश्वर की प्राप्ति में सहायक होता है। उन्होंने जीवन की प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि व्यक्ति को शुद्ध सात्विक भोजन, स्नान और परोपकार को समय देना चाहिए। भगवान ने हमें 84 लाख योनियों के बाद यह दुर्लभ मानव तन दिया है, जिसे केवल संसार के भोगों में व्यर्थ नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर रामेश्वर तीर्थ यात्री संघ द्वारा संतश्री को अभिनंदन पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्टी बंशीलाल टांक, शेषनारायण माली, जगदीश सेठिया, रामगोपाल गुप्ता, अशोक रत्नावत, जयप्रकाश सोमानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पं. अशोक त्रिपाठी ने किया और आभार जगदीशचन्द्र चौधरी ने व्यक्त किया।

# बजट चर्चा में हुई तीखी बहस, विपक्ष ने कहा कि यह सिर्फ कागजी बजट

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

नगरपालिका परिषद मंदसौर की बजट बैठक सोमवार को नपा सभागृह में संपन्न हुई, जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 5 अरब 45 करोड़ 38 लाख 17 हजार 300 रुपये के अनुमानित आय-व्यय के बजट को स्वीकृति प्रदान की गई।

नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता एवं सीएमओ प्रेमकुमार सुमन की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में शहर के सर्वांगीण विकास का खाका खींचा गया। इस बार बजट में आम जनता पर किसी भी प्रकार का नया वित्तीय भार नहीं डाला गया है और संपत्तिकर व जलकर की दरों को यथावत रखा गया है। परिषद ने आगामी वर्ष के लिए 1 करोड़ 51 लाख 50 हजार रुपये की संभावित बचत का अनुमान लगाया है।

बजट पर चर्चा के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली। जहाँ नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर और अन्य पार्षदों ने इसे शहर के विकास का प्रतिबिंब और ऐतिहासिक बजट करार दिया, वहीं नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी ने बजट की विसंगतियों पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदारों से 15 बिंदुओं पर जवाब मांगा। उन्होंने जोनल कार्यों के खर्च में अचानक हुई वृद्धि, कर वसूली की वास्तविक स्थिति और कर्मचारियों के वेतन संकट जैसे मुद्दों पर प्रशासन को घेरा।



वित्त एवं राजस्व समिति की सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार द्वारा प्रस्तुत इस बजट में शहर के बुनियादी ढांचे और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। बजट में विशेष रूप से आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारी के मद्देनजर विकास कार्यों के लिए 30 करोड़ रुपये की बड़ी राशि आरक्षित की गई है। इसके साथ ही मंदसौर में एक भव्य नवीन गीता भवन के निर्माण हेतु 15 करोड़ रुपये और शहर की पुरानी पेयजल व सीवरेज समस्याओं के निराकरण के लिए अमृत योजना व सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत करोड़ों रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट में महिलाओं की सुविधा के लिए प्वािंक टायलेट्ज के निर्माण और मनोरंजन हेतु काला भाटा बांध पर २ करोड़ रुपये की लागत से नए पिकनिक स्पॉट विकसित करने की योजना को भी मंजूरी दी गई है।

शिक्षा और खेल के क्षेत्र में भी परिषद ने उदारता दिखाई है, जिसके तहत ई-लाइब्रेरी के नवीनीकरण के लिए 1.40 करोड़ रुपये और खेल प्रतिभाओं के लिए इंडोर गेम्स कॉम्प्लेक्स व जिम निर्माण हेतु 1.50 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। शहर के सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से चौराहों के विकास, महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना और प्रमुख प्रवेश द्वारों के निर्माण के लिए भी बजट में राशि तय की गई है। साथ ही, आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए नगर के भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नए जेसीबी, पोकलेन व कचरा वाहनों की खरीदी का निर्णय लिया गया है। सभापति श्रीमती बंधवार ने राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने 22 लाख रू. एवं सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा ढाई लाख रुपये व विधायक विपिन जैन द्वारा 9 लाख रुपये की राशी अपनी निधि से उपलब्ध कराने पर उनका आभार व्यक्त किया।

बजट बैठक में सीएमओ प्रेमकुमार सुमन ने पार्षदों के सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया। निर्दलीय पार्षद सुनील बंसल व जलकर सभापति निलेश जैन के बीच भी बहस हुई।

## उद्योगपति रणछोड़ गनेड़ीवाल का निधन

**मंदसौर।** उद्योगपति और समाजसेवी रणछोड़ प्रसाद गनेड़ीवाल का सोमवार को निधन हो गया। स्व. लक्ष्मी नारायण गनेड़ीवाल के सुपुत्र और प्रदीप व प्रद्यूमन गनेड़ीवाल के पूज्य पिता रणछोड़ प्रसाद एक सफल उद्यमी होने के समाजसेवी के रूप में पहचाने जाते थे। उन्होंने गनेड़ीवाल जिनिंग-प्रेसिंग मिल के माध्यम से जहाँ आर्थिक क्षेत्र में योगदान दिया, वहीं गनेड़ीवाल चौरिटेबल ट्रस्ट के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए।

## निजी अस्पतालों को पीएम राहत योजना में पंजीयन कराना अनिवार्य

मंदसौर। कलेक्टर एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति की अध्यक्ष अदिति गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिले के सभी नर्सिंग होम और निजी अस्पतालों को पीएम राहत योजना के तहत अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल उपचार मिल सकेगा। पंजीयन न कराने वाले अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए गए। बैठक में परिवहन विभाग को पुलिस के साथ मिलकर वाहनों की फिटनेस, बीमा और चेकिंग की साप्ताहिक रिपोर्ट देने को कहा गया। कलेक्टर ने नगरीय निकायों को पार्किंग स्थलों को जीआईएस पोर्टल पर दर्ज करने और एनएचएआई को उज्जैन-गरोठ मार्ग पर सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही, 1 अप्रैल से टोल प्लाजा पर कैशलेस व्यवस्था लागू करने और ब्लैक स्पॉट्स पर एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया।




## धुरंधर जैसी स्पाई थ्रिलर ट्रेंड में डफर का टीजर-पोस्टर जारी

**मुख्य किरदार का चेहरा छिपा, सस्पेंस और लीड रोल ने अटकलें बढ़ाईं**

धुरंधर जैसी ग्रेट लेयर्ड स्पाई थ्रिलर फिल्मों के ट्रेंड के बाद, अब बॉलीवुड में एक नई थ्रिलर की लहर देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में एलीफेंटा फिल्म्स ने अपनी पहली फिल्म डफर का टीजर पोस्टर रिलीज किया है, जिसने रिलीज होते ही दर्शकों में उत्सुकता और सस्पेंस दोनों बढ़ा दिए हैं।

पोस्टर में मुख्य किरदार का चेहरा पूरी तरह से छिपा हुआ है, जिससे फिल्म के रहस्य और बढ़ गए हैं। इंडस्ट्री सूत्रों के अनुसार, लीड रोल के लिए शाहिद कपूर और जॉन अब्राहम जैसे नाम चर्चा में हैं, हालांकि मेकर्स ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

डफर को पारंपरिक स्पाई थ्रिलर से अलग बताते हुए मेकर्स ने इसे लेयर्ड और सस्पेंस से भरपूर कहानी के रूप में पेश किया है। शुरूआती संकेत बताते हैं कि किरदार की पहचान और उसकी परतें धीरे-धीरे सामने आएंगी, ठीक उसी तरह जैसे धुरंधर ने दर्शकों को हर मोड़ पर चौंकाया था।

प्रोड्यूसर कोमल वर्मा का कहना है, हमने इस स्तर पर सीमित जानकारी साझा करने का फैसला किया है। हमारा मकसद है कि दर्शक फिल्म के रहस्य के साथ खुद को जोड़ें। कई बार जो नहीं दिखाया जाता, वही ज्यादा प्रभाव छोड़ता है। फिल्म का निर्देशन अवॉर्ड-विनिंग फिल्ममेकर नकुल देव कर रहे हैं, जो अपनी डिटेल्ड और लेयर्ड स्टोरीटेलिंग के लिए जाने जाते हैं। लेखन और क्रिएटिव डायरेक्शन सुमन दिव्या संभाल रही हैं।

# 40 की उम्र में सोनम कपूर दूसरी बार मां बनीं

**बेटे को जन्म दिया, खुशखबरी शेयर कर कहा- हमारा परिवार बड़ा हो गया**





बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर दूसरी बार मां बनी हैं। उन्होंने 29 मार्च को मुंबई में बेटे को जन्म दिया। इससे पहले उनका एक बेटा वायु है। सोनम और उनके पति आनंद आहूजा ने सोशल मीडिया पर यह खुशखबरी शेयर की।

कपल ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा, बहुत खुशी और प्यार के साथ हम यह बताना चाहते हैं कि आज, 29 मार्च 2026 को हमारे घर एक बेटे का जन्म हुआ है। अब हमारा परिवार बड़ा हो गया है और उसके आने से हमारे दिल खुशी से भर गए हैं। वायु अपने छोटे भाई के आने से बहुत खुश है। इस नन्हे मेहमान ने हमारे घर में ढेर सारी खुशियां ला दी हैं। हम अब चार लोगों का परिवार बनकर इस नई शुरूआत के लिए बहुत आभारी हैं। प्यार के साथ- सोनम, आनंद और वायु। खुशखबरी के बाद करीना कपूर, आलिया भट्ट, दीया मिर्जा, हुमा कुरैशी समेत कई सेलेब्स कपल को शुभकामनाएं दे रहे हैं।

सोनम कपूर ने नवंबर 2025 में दूसरी बार मां बनने की खुशखबरी फैंस को दी थी। उन्होंने पिंक ग्लैमरस आउटफिट में मदरहुड कैप्शन के साथ इसकी घोषणा की। इसके बाद उनके प्रेग्नेंसी लुक चर्चा में रहे।

### फरवरी में गोद भराई की रस्म हुई थी

सोनम कपूर की गोद भराई की रस्म फरवरी में हुई थी, जिसमें कपूर और आहूजा परिवार समेत फिल्म इंडस्ट्री के कई लोग शामिल हुए। एक्ट्रेस ने तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर लिखा था, सीमंतोन्नयन, सनातन धर्म के सोलह संस्कारों में तीसरा संस्कार है। इसे आमतौर पर बालों की मांग भरने की रस्म कहा जाता है, जो मां और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे का सम्मान करती है। भारत के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है, जैसे गोद भराई, श्रीमंत, दोहाले जेवन, शाद, सीमन्थम, वलैकप्पु, सीमंथा, पुलिक्कुड़ी और साधभक्षण। नाम भले बदल जाएं, लेकिन इसका भाव एक ही होता है, नए जीवन के लिए प्यार, सुरक्षा और खुशियों का आशीर्वाद।

### शादी के 7 साल बाद दूसरी बार मां बनीं

सोनम कपूर ने 2018 में दिल्ली के बिजनेसमैन आनंद आहूजा से शादी की थी। शादी के 4 साल बाद 2022 में उन्होंने बेटे वायु को जन्म दिया और 2026 में दूसरी बार मां बनीं।



## तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग बॉलीवुड फिल्म बनी धुरंधर 2

**महज 11 दिनों में वर्ल्डवाइड कमाए 1350 करोड़ आमिर की दंगल को भी कर सकती है पीछे**

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज बॉलीवुड की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म का इंडियन कलेक्शन 846.87 करोड़ हो चुका है, जबकि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1350 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है।

ट्रेड वेबसाइट सैकनिक्ल के अनुसार, 29 मार्च यानी रिलीज के दूसरे रविवार को फिल्म ने 68.10 करोड़ रुपए कमाए, जबकि 28 मार्च (शनिवार) को 62.85 करोड़ कमाए थे। ऐसे में 11 दिनों में फिल्म ने भारत में 846.87 करोड़ और वर्ल्डवाइड 1350 करोड़ कमा लिए। इस कलेक्शन के साथ धुरंधर 2 तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन गई है।

यह फिल्म पिछले पार्ट धुरंधर के 1428 करोड़ के ऑल टाइम कलेक्शन को पार करने के करीब है, जो बॉलीवुड की दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म है। फिलहाल आमिर खान की दंगल पहले नंबर पर है।

**सभी भाषाओं में 5वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म-** बॉलीवुड की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म धुरंधरः द रिवेंज, सभी भाषाओं में भारत की 5वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। यह आरआरआर और केजीएफ चैप्टर 2 का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है, लेकिन अब भी पुष्पा-2 और बाहुबली 2 से पीछे है।

दंगल भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है, लेकिन भारत में इसका कलेक्शन सिर्फ 511 करोड़ था और ज्यादातर कमाई ओवरसीज से हुई। भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में बाहुबली 2 पहले स्थान पर है, जिसने 1429 करोड़ कमाए। दूसरे नंबर पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 और तीसरे पर धुरंधर है।

# क्या धुरंधर 2 की वजह से टली अक्षय-सलमान की फिल्में

## 11 दिनों में फिल्म ने कमाए 1,353 करोड़, धुरंधर के सामने रिस्क नहीं लेना चाहते मेकर्स

रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड ब्रेकिंग कमाई कर रही है। फिल्म ने महज 11 दिनों में वर्ल्डवाइड 1,353.95 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। फिल्म हर दिन 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर रही है।

धुरंधर 2 के साथ रिलीज हुई पवन कल्याण की फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई। 11 दिनों में यह फिल्म वर्ल्डवाइड सिर्फ 93.95 करोड़ का बिजनेस ही कर सकी है।

धुरंधर की इस कामयाबी के बीच कई बड़े एक्टर्स की फिल्मों की रिलीज डेट आगे खिसका दी गई है। इनमें अक्षय कुमार की भूत बंगला और सलमान की फिल्म मातृभूमि भी शामिल हैं।

ऐसे में ये सवाल उठ रहे हैं कि क्या धुरंधर 2 के इस परफॉर्मेंस के कारण बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट आगे खिसकाई जा रही है? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म मेकर्स धुरंधर की इस परफॉर्मेंस के सामने अपनी बड़ी फिल्में उतार कर नुकसान का रिस्क नहीं लेना चाहते।










### अक्षय की 'भूत बंगला' टली, सलमान की फिल्म पर असर

अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' पहले 10 अप्रैल को आने वाली थी, लेकिन अब इसे एक हफ्ते के लिए टालकर 17 अप्रैल कर दिया गया है। अक्षय की फिल्म आगे बढ़ने से सलमान खान की 'मातृभूमि' की रिलीज पर भी टल सकती है। बता दें कि फिल्म मातृभूमि की रिलीज 17 अप्रैल को तय की गई थी।

गलवान युद्ध पर बन रही सलमान की इस फिल्म की शूटिंग अभी बाकी है। 'भूत बंगला' के शिफ्ट होने से 'मातृभूमि' के पोस्टपोन होने की पूरी संभावना है। इसके अलावा सलमान अपनी ज्यादातर फिल्में ईद के मौके पर रिलीज करते हैं और इस ईद पर धुरंधर 2 रिलीज हुई है।

### 'पेद्दी' अब मई-जून में आएगी

आरआरआर फेम राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' की रिलीज एक बार फिर टलने की खबर है। यह एक रूरल स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा है, जिसे पहले 30 अप्रैल को रिलीज होना था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन और कुछ शूटिंग का हिस्सा अभी बाकी है। वहीं, पिछले दिनों शूटिंग के दौरान राम चरण की आंख के ऊपर हल्की चोट लग गई थी, जिससे काम रुक गया। अब यह फिल्म मई के आखिर या जून 2026 में रिलीज हो सकती है। इसके अलावा यश की फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज डेट पहले ही 19 मार्च से बदलकर 4 जून 2026 कर दी गई है।

### फिल्मों की रिलीज डेट भी बदली

सिर्फ बड़े स्टार्स ही नहीं, बल्कि युवा एक्टर्स की फिल्मों पर भी 'धुरंधर' का असर दिख रहा है। प्रदीप रंगनाथन की फिल्म 'छक्ड' (लव इंश्योरेंस कंपनी) अब 3 अप्रैल की जगह 10 अप्रैल को रिलीज होगी। मेकर्स का कहना है कि फिल्म के श्‍ऋका काम अभी बचा हुआ है। वहीं, अखिल अक्किनेनी की फिल्म 'लेनिन' जो 1 मई को आने वाली थी, अब 26 जून को रिलीज होगी। मेकर्स ने यह फैसला 'पेद्दी' के साथ संभावित क्लैश को टालने के लिए लिया है। हालांकि ये माना जा रहा है कि ये फिल्में धुरंधर के साथ रिस्क नहीं लेना चाहतीं।

## राजस्थान रॉयल्स ने जीत के साथ आईपीएल 2026 की शुरूआत की

# चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया

### वैभव का पहली बॉल पर कैच छूटा, सिक्स लगाकर फिफ्टी पूरी की, जडेजा ने दुबे को आउट करके गन सेलिब्रेशन किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुवाहाटी**



राजस्थान रॉयल्स ने जीत के साथ आईपीएल 2026 की शुरूआत की। टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हरा दिया। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में चेन्नई 19.4 ओवर में 127 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। राजस्थान ने 12.1 ओवर में 2 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

इस मुकाबले में कई दिलचस्प मोमेंट्स देखने को मिले। वैभव का पहली ही गेंद पर कैच छूट गया। उन्होंने सिक्स लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। रवींद्र जडेजा ने शिवम दुबे को आउट करके गन सेलिब्रेशन किया।

- **प्लेयर्स ने डेब्यू किया-** तीसरे मैच में राजस्थान से एक और चेन्नई से एक प्लेयर्स ने डेब्यू किया। राजस्थान से तेज गेंदबाज बृजेश शर्मा मैदान पर उतरे। चेन्नई से विकेटकीपर बैटर कार्तिक शर्मा ने अपना पहला मैच खेला। कार्तिक को बृजेश शर्मा ने ही पवेलियन भेजा। वे 18 रन ही बना सके। बृजेश ने 3 ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया।
- **सैमसन चेन्नई के लिए पहले मैच में 6 रन बनाकर बोल्ड-** दूसरे ओवर की आखिरी बॉल पर संजू सैमसन बोल्ड हो गए। नांद्रे बर्गर ने उन्हे इनस्विंगर बॉल पर आउट किया। सीएसके के लिए पहले मैच में सैमसन 6 रन ही बना सके।
- **रॉयल्स को रिव्यू में विकेट-** चौथे ओवर में राजस्थान रॉयल्स को रिव्यू पर विकेट मिला। पहली बॉल नांद्रे बर्गर ने शॉर्ट पिच फेंकी। आयुष म्हात्रे पुल शॉट खेलने गए, लेकिन कॉट बिहाइंड हो गए। राजस्थान के प्लेयर्स की अपील पर अंपायर ने नॉट आउट दिया। विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के कहने पर कप्तान रियान पराग ने रिव्यू लिया। रीप्ले में दिखा की म्हात्रे के बैट से लगाकर बॉल कीपर के पास गई। अंपायर को फैसला बदलना पड़ा और म्हात्रे शून्य के स्कोर पर आउट हो गए।
- **सरफराज को बैट टेस्ट कराने के बाद बदलना पड़ा-** आयुष म्हात्रे के आउट होने के बाद सरफराज खान इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान पर उतरे। क्रीज पर आने से पहले अंपायर ने सरफराज के बैट की जांच की, लेकिन उनका बैट टेस्ट में पास नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें बैट बदलना पड़ा।
- **जडेजा का गन सेलिब्रेशन-** राजस्थान के लिए 17 साल बाद खेलने उतरे रवींद्र जडेजा ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट ले लिए। 8वें ओवर की दूसरी बॉल जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। सरफराज खान स्वीप शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद उनके पैड पर लग गई। सरफराज 17 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दुबे बैटिंग करने उतरे, उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। जडेजा ने आखिरी गेंद पर हिसाब बराबर किया और दुबे को लॉन्ग ऑफ पर कैच करा दिया। इसके बाद जडेजा ने हाथ से बंदूक का इशारा बनाते हुए गोली दाग दी। दुबे 6 रन ही बना सके।
- **वैभव का पहली बॉल पर कैच छूटा-** चेन्नई के लिए पहला ओवर मैट हेनरी फेंकने आए। वैभव सूर्यवंशी अपनी पहली बॉल पर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। कार्तिक शर्मा गेंद के नीचे आए, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। अगली गेंद पर सूर्यवंशी ने छक्का भी लगा दिया।
- **कार्तिक ने वैभव की शू लेस बांधी-** डेब्यू कर रहे कार्तिक शर्मा ने वैभव सूर्यवंशी के जूतों की बद्दी बांधी। वैभव राजस्थान के लिए ओपनिंग करने आए।
- **वैभव की सिक्स से फिफ्टी-** वैभव सूर्यवंशी ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने नूर अहमद के खिलाफ लगातार 2 छक्के लगाए और महज 15 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली।
- **पराग का रिवर्स स्वीप पर सिक्स-** 10.6 ओवर में नूर अहमद की गेंद पर रियान पराग ने रिवर्स खेलते हुए सिक्स लगा दिया। पराग ने नूर की फुल लेंथ गेंद को नीचे से स्वाइप करते हुए शॉट लगाया।

---

#### आईपीएल में आज पंजाब-गुजरात

## न्यू चंडीगढ़ में दूसरी बार होगा सामना



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ चंडीगढ़**

आईपीए का चौथा मुकाबला आज पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जाएगा। मैच न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। जबकि टॉस शाम 7 बजे होगा। गुजरात टाइटंस का यह पांचवां सीजन होगा। टीम ने 2022 में अपने डेब्यू सीजन में ही खिताब जीता था, जबकि पिछले सीजन वह चौथे स्थान पर रही। वहीं पंजाब किंग्स को अब भी अपने पहले खिताब का इंतजार है। टीम पिछले सीजन रनर-अप रही थी।

**दोनों टीमों के बीच 7वां मुकाबला-** आईपीएल में पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच अब तक 6 मुकाबले हुए हैं, दोनों टीमों ने 3-3 मैच जीते हैं। आईपीएल 2025 में दोनों की एक भिड़ंत में पंजाब ने गुजरात को 11 रन से हराया था। न्यू चंडीगढ़ में दोनों टीमें एक बार भिड़ीं, जिसमें गुजरात ने पंजाब को 3 विकेट से हराया।

**टीम अपडेट- फर्ग्यूसन कुछ मैच मिस कर सकते हैं पंजाब:** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन पैटर्निटी लीव के कारण शुरूआती कुछ मैच नहीं खेल सकेंगे। उनकी जगह टीम जैवियर बार्टलेट या बेन ड्वारशस को शुरूआती मैच खिला सकती है।

**पंजाब की टीम इस सीजन भी मजबूत-** पंजाब की टीम इस सीजन भी काफी मजबूत दिखाई दे रही है। टॉप ऑर्डर में प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह की ओपनिंग जोड़ी से एक बार फिर टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। नंबर तीन की पोजिशन कप्तान श्रेयस अय्यर संभालेंगे। मिडिल ऑर्डर में नेहल वढेरा और शशांक सिंह होंगे।













# एसबीआई : रुपये को ऐतिहासिक गिरावट से उबारने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल करे आरबीआई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

डॉलर के मुकाबले 95 के पार पहुंचे रुपये को संभालने के लिए एसबीआई रिसर्च ने आरबीआई को विदेशी मुद्रा भंडार के इस्तेमाल की सलाह दी है। ओएमसी के लिए स्पेशल विंडो, एफपीआई निकासी और एनडीएफ प्रीमियम में उछाल के पूरे आर्थिक गणित को समझने के लिए हमारी विस्तृत रिपोर्ट अभी पढ़ें।

पश्चिम एशिया में जारी संकट और ईरान युद्ध के कारण भारतीय रुपये में आई भारी गिरावट के बीच, भारतीय स्टेट बैंक की एक रिसर्च रिपोर्ट ने रिजर्व बैंक को अहम सुझाव दिया है। सोमवार को इंट्रा-डे कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 95 के स्तर को पार कर गया था, हालांकि अंत में यह 94.78 पर बंद हुआ। वैश्विक अस्थिरता के इस दौर में एसबीआई का मानना है कि रुपये को सट्टेबाजों से बचाने के लिए फ्ङक को अपने 700 अरब डॉलर से अधिक के मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार का तत्काल उपयोग करना चाहिए।

**विदेशी मुद्रा भंडार का रणनीतिक उपयोग–** एसबीआई के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास 10 महीने से अधिक के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है, जो एक बेहद आरामदायक स्थिति है। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इन भंडारों को केवल 'बुरे वक्त' के लिए बचाकर रखने का कोई ठोस कारण नहीं है। अगर बाजार में हस्तक्षेप कर रुपये को समर्थन देना वांछनीय है, तो ऐसा करने का यह बिल्कुल सही समय है।

**एफपीआई और एफडीआई निकासी का दबाव–** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मोर्चे पर, मौजूदा हालात में मुनाफावसूली या फंड रिलोकेशन के कारण ये खिलाड़ी अपना पैसा निकाल रहे हैं, जिससे बैंकों पर वास्तविक मांग का दबाव बढ़ रहा है। इसलिए एसबीआई ने सिफारिश की है कि 100 मिलियन डॉलर की सीमा को पूरे बैंक स्तर के बजाय केवल 'ट्रेडिंग बुक' पर लागू किया जाना चाहिए, ताकि अनावश्यक परिचालन चुनौतियों से बचा जा सके।

**अब आगे क्या–** मौजूदा भू-राजनीतिक अस्थिरता और विदेशी फंडों की निकासी के बीच, एसबीआई की यह रिपोर्ट आरबीआई के लिए एक स्पष्ट दिशा-निर्देश पेश करती है। रुपये की गिरावट थामने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का सक्रिय उपयोग और नेट ओपन पोजीशन के नियमों में उचित बदलाव ही आने वाले दिनों में बाजार की स्थिरता और भारतीय मुद्रा की मजबूती तय करेंगे।




### तेल कंपनियों के लिए विशेष 'विंडो' का सुझाव

- रुपये की अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए एसबीआई ने तेल विपणन कंपनियों के लिए एक विशेष 'विंडो' बनाने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया है।
- तेल कंपनियों की दैनिक डॉलर मांग लगभग 250–300 मिलियन डॉलर है, जो सालाना 75–80 अरब डॉलर बैठती है।
- इस मांग को मुख्य बाजार के दैनिक कामकाज से अलग करने पर वास्तविक विदेशी मुद्रा की मांग और आपूर्ति की बेहतर स्थिति का पता चल सकेगा।
- इससे विनियामक द्वारा उठाए गए कदमों की प्रभावशीलता को सटीक रूप से मापने में मदद मिलेगी।

### तरलता संकट और एनडीएफ प्रीमियम में उछाल

- रिपोर्ट में आरबीआई के हालिया कदम का भी विश्लेषण किया गया है। 27 मार्च 2026 के परिपत्र के माध्यम से, आरबीआई ने 10 अप्रैल तक बैंकों के लिए नेट ओपन पोजीशन (ठडढ–क्ळफ) को 100 मिलियन डॉलर तक सीमित कर दिया है। हालांकि यह कदम उपयोगी है, लेकिन इससे ऑनशोर और ऑफशोर बाजारों के बीच एक बड़ा अंतर पैदा होने की संभावना है। भारतीय बैंक आमतौर पर ऑनशोर में 'लॉन्ग' और ऑफशोर में 'शॉर्ट' होते हैं, जबकि विदेशी बैंक इसके विपरीत रुख अपनाते हैं।
- जैसे ही बैंक अपनी पोजीशन को समेटने का प्रयास करेंगे, बाजार में तरलता की कमी उत्पन्न हो सकती है, जिससे ऑफशोर प्रीमियम तेजी से बढ़ रहा है। इसी कारण, सोमवार को एक वर्ष का एनडीएफ (नॉन–डिलिवरेबल फॉरवर्ड) प्रीमियम 3.43 प्रतिशत से उछलकर 4.19 प्रतिशत हो गया, और एनडीएफ/ऑफशोर दरें 98.41 रुपये के स्तर पर पहुंच गईं।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

### 700 अरब डॉलर से नीचे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दो महीने बाद पहली बार 700 अरब डॉलर के नीचे आ गया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में देश का कुल भंडार घटकर 698.35 अरब डॉलर रह गया, जो एक हफ्ते पहले 709.76 अरब डॉलर था। फरवरी अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 728.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इस दौरान गोल्ड रिजर्व का मूल्य 13.5 अरब डॉलर घटकर 117.2 अरब डॉलर रह गया।

रेमंड समूह के पूर्व अध्यक्ष विजयपत सिंघानिया का शनिवार शाम निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे और उनका निधन शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। उनके परिवार ने इस दुखद समाचार की पुष्टि की। समूह के वर्तमान अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गौतम सिंघानिया ने 'एक्स' पर निधन की जानकारी दी। रेमंड समूह के प्रवक्ता ने बताया कि विजयपत सिंघानिया का अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा। विजयपत सिंघानिया को भारत के प्रतिष्ठित पद्म भूषण सम्मान से नवाजा गया था। वह एक उत्साही विमान चालक के रूप में भी जाने जाते थे। उन्होंने गर्म हवा के गुब्बारे में सर्वाधिक ऊंचाई हासिल करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने वर्ष 2000 तक दो दशकों तक रेमंड का अध्यक्ष पद संभाला। कंपनी की बागडोर गौतम को सौंपने के बाद उन्होंने अपनी पूरी 37 फीसदी हिस्सेदारी बेटे को हस्तांतरित कर दी थी।

विजयपत सिंघानिया और उनके बेटे गौतम के बीच कुछ वर्षों पहले कानूनी विवाद उत्पन्न हुए थे। हालांकि, बाद में दोनों ने इन मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया था। विजयपत सिंघानिया ने रेमंड को एक प्रमुख ब्रांड बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विरासत में व्यापारिक कौशल और साहसिक उपलब्धियां दोनों शामिल हैं।

## होर्मुज बंद होने से

# वैश्विक तेल सप्लाई संकट में



### रिपोर्ट में दावा सबसे ज्यादा एशिया पर पड़ा असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान–अमेरिका–इस्त्राइल संघर्ष के कारण होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से वैश्विक तेल सप्लाई बाधित हो गई है। सबसे पहले एशिया में तेल की कमी का असर दिख रहा है, जबकि धीरे–धीरे यह संकट यूरोप और अमेरिका तक पहुंचेगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान, अमेरिका और इस्त्राइल के बीच संघर्ष के कारण रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज फिलहाल बंद हो गया है, जिससे वैश्विक तेल सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस मार्ग के बंद होने से पश्चिम एशिया से दुनिया के अन्य हिस्सों में तेल की आपूर्ति लगभग ठप हो गई है और कई देशों में तेल भंडार घटने का असर दिखने लगा है।

**पश्चिम एशिया संकट का सबसे पहले एशिया पर पड़ रहा-** अमेरिकी वित्तीय संस्था जेपी मॉर्गन चेस की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इस संकट का असर सबसे पहले एशिया पर पड़ रहा है और धीरे–धीरे यह अमेरिका और यूरोप तक पहुंचेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि आमतौर पर फारस की खाड़ी से तेल 10 से 20 दिनों में एशिया, 20 से 35 दिनों में यूरोप–अफ्रीका और 35 से 45 दिनों में अमेरिका पहुंचता है, लेकिन सप्लाई चेन बाधित होने से यह क्रम टूट गया है।

**युद्ध से पहले भेजी गई अधिकांश खेप अब खत्म हो चुकी है-** रिपोर्ट के मुताबिक, आखिरी तेल टैंकर 28 फरवरी को होर्मुज स्ट्रेट से निकला था और युद्ध से पहले भेजी गई अधिकांश खेप अब खत्म हो चुकी है।

## विनिर्माण क्षेत्र का दमदार प्रदर्शन, औद्योगिक उत्पादन में शानदार उछाल

# फरवरी 2026 में आईआईपी ग्रोथ बढ़कर 5.2% हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

फरवरी 2026 में भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर बढ़कर 5.2% हुई। मैन्युफैक्चरिंग, कैपिटल गुड्स और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के दमदार प्रदर्शन ने अर्थव्यवस्था को दी नई रफ्तार। पूरी खबर विस्तार से पढ़ें।

भारतीय अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक बेहद सकारात्मक और बड़ी खबर सामने आई है। 30 मार्च को जारी किए गए सरकारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2026 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) सालाना आधार पर बढ़कर 5.2 प्रतिशत पर पहुंच गया है। इससे पहले जनवरी महीने में औद्योगिक विकास दर 4.8 प्रतिशत दर्ज की गई थी। इस महत्वपूर्ण उछाल का मुख्य श्रेय मैन्युफैक्चरिंग (विनिर्माण) गतिविधियों में आई शानदार तेजी को जाता है, जबकि खनन और बिजली क्षेत्र ने भी इस आर्थिक गति को रफ्तार देने में अहम भूमिका निभाई है।

**मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर:** इस क्षेत्र में 6.0 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। विनिर्माण क्षेत्र के 23 उद्योग समूहों (दो-अंकीय एनआईसी स्तर) में से 14 ने सकारात्मक विकास दर्ज किया है।

**खनन:** इस क्षेत्र के उत्पादन में 3.1 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि हुई है।

**बिजली:** बिजली उत्पादन के क्षेत्र में 2.3 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

भारत का औद्योगिक उत्पादन फरवरी में 5.2 फीसदी की दर से बढ़ा है। यह वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन के कारण हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। पिछले वर्ष फरवरी 2025 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 2.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जनवरी 2026 के औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनंतिम अनुमान को संशोधित किया है। इसे पहले के 4.8 फीसदी से बढ़ाकर अब 5.1 फीसदी कर दिया गया है। आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2026 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन छह फीसदी बढ़ा है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 2.8 फीसदी से काफी अधिक है। खनन उत्पादन में भी सुधार देखा गया है।



### विनिर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन

यह एक वर्ष पहले के 1.6 फीसदी की तुलना में 3.1 फीसदी रहा है। हालांकि, बिजली उत्पादन की वृद्धि दर फरवरी में 2.3 फीसदी रही है। यह पिछले वर्ष की 3.6 फीसदी की वृद्धि से कम है। वित्त वर्ष 2026 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान देश का औद्योगिक उत्पादन 4.1 फीसदी पर स्थिर रहा है। विनिर्माण क्षेत्र के तहत कुल 23 उद्योग समूहों में से चौदह ने फरवरी 2026 में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष की तुलना में यह एक अच्छा संकेत है। फरवरी 2026 में शीर्ष तीन सकारात्मक योगदानकर्ता मूल धातुओं का विनिर्माण रहा है। इसमें 13.2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। मोटर वाहन, ट्रेलर और सेमी–ट्रेलर के विनिर्माण में 14.9 फीसदी की मजबूत वृद्धि हुई है। मशीनरी और उपकरण के विनिर्माण ने भी 10.2 फीसदी का योगदान दिया है। मूल धातुओं के उद्योग समूह में एमएस स्लैब, मिश्र धातु इस्पात के फ्लैट उत्पाद और इस्पात के पाइप व ट्यूब ने वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## रूस ने पेट्रोल निर्यात रोकने का फैसला लिया

# भारत ने कहा- ईंधन भंडार पर्याप्त, चिंता की जरूरत नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रूस ने पेट्रोल निर्यात पर एक अप्रैल से प्रतिबंध लगाने का एलान किया है। रूस की सरकार का कहना है कि कीमतों को नियंत्रित रखने के मकसद से ऐसा किया गया है। दूसरी तरफ भारत सरकार के मुताबिक देश में भंडार पर्याप्त हैं, और पेट्रोल-डीजल को लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

वैश्विक अस्थिरता और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच रूस सरकार ने एक अप्रैल से पेट्रोल निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। रूसी उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। नोवाक ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्राथमिकता घरेलू ईंधन की कीमतों को नियंत्रित रखना है। रूसी ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार वर्तमान रिफाइनिंग दरें स्थिर हैं और देश के पास पर्याप्त रिजर्व मौजूद है। कच्चा तेल और ईंधन का पर्याप्त भंडार सुरक्षित

दूसरी ओर भारत सरकार ने भी स्पष्ट किया है कि देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और तेल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने मंत्रालयों की संयुक्त समीक्षा में कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति और कीमतें प्रभावित हुई हैं, लेकिन भारत के पास अगले दो महीनों के लिए कच्चा तेल और ईंधन का पर्याप्त भंडार सुरक्षित है। रूसी सरकार के मुताबिक निर्यात पर प्रतिबंध का फैसला घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के लिए लिया गया है। पश्चिम एशिया में संकट के बीच भारत में किल्लत की आशंकाओं को लेकर पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दावा किया है कि देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि भारतीय रिफाइनरियां 100% से अधिक क्षमता पर काम कर रहीं। घरेलू एलपीजी उत्पादन में 20% की वृद्धि हुई है। सरकार के इन कदमों का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय संकट के बावजूद भारतीय बाजार में आपूर्ति निरंतरता और कीमतों में स्थिरता बनाए रखना है।


1st RERA APPROVED RESORT TOWNSHIP IN RAMNAGAR UTTARAKHAND
CORBETT COUNTY
LUXURY VILLA
Managed By
BW | Best Western
Hotels & Resorts
Fully Furnished
Price
₹ 1.35 Cr
Onwards
Amenities
Jacuzzi
Club House
Lake
and 50+ More
Bail Parao Nainital Uttarakhand
Book Now- +91 85950 07767


TIME TO STAND FOR IN
BOYCOTT FOREIGN FOOD CHAINS!
Trump has imposed a 25% import duty and an additional 10% penalty on Indian goods. Now it's our turn to respond with wisdom and unity.
Coca-Cola
Fanta
pepsi
Domino's Pizza
BURGER KING
SUBWAY
KFC
KFC
Pizza Hut
CHOOSE INDIAN ALTERNATIVES
Support local businesses and farmers.
Be a proud contributor to our national growth.
UNITY IS OUR STRENGTH.
LET US ACT TOGETHER TO BUILD
A SELF-RELIANT INDIA.
#BoycottForeignBrands #VocalForLocal #SupportIndianEconomy

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक उंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ध | र | अ | ■ | गु | रु | कि |
| खा | ना | ■ | म | हि | ना | ■ | ■ | ना |
| र | ज | र | ■ | ज | ब | औ | ला | द |
| ■ | क | ष | ला | ■ | ब | ■ | ■ | लौ |
| म | ■ | ल | ट | ■ | ला | ल | ■ | ल |
| मो | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| कर | ज | ध | र | ज | ■ | ह | र | ध |
| ध | ■ | ■ | ना | का | रा | ■ | कु | ल |
| ना | ट | क | ■ | म | ह | क | ना | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 22 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | श्रे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | ब | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | ब | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | णा | अ | सौ | बी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ब्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000


लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ




सत्य एवं अहिंसा की मूर्ति
भगवान महावीर का जीवन प्रेरणादायी है...
भगवान
महावीर
जयंती
की हार्दिक बधाई

■ वर्ष-12 अंक-146 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 31 मार्च, 2026

### सुभाषितानि

**लोभात् क्रोधः प्रभवति लोभात् कामः प्रजायते।**
**लोभात् मोहश्च नाशश्च लोभः पापस्य कारणम्।**

**भावार्थ** : लोभ से क्रोध उत्पन्न होता है और लोभ से वासना उत्पन्न होती है। लोभ आसक्ति और विनाश का कारण है, लोभ विनाश का कारण है, इसी लाभ के लिए मनुष्य पाप करता है।

**अत्यन्तकोपः कटुका च वाणी दरिद्रता च स्वजनेषु वैरं।**
**नीचप्रसङ्गः कुलहीनसेवा चिह्नानि देहे नरकस्थितानाम्।।**

**भावार्थ** : जिस व्यक्ति में अत्यधिक क्रोध, कटु वचन, दरिद्रता, सम्बन्धियों से शत्रुता, नीच संगति, निराश्रित की सेवा, इन सभी लक्षणों से युक्त व्यक्ति को यहीं पृथ्वी पर नरक भोगने का फल मिलता है।

## विरोधिनां षड्यंत्रस्य साझेदारी च आरोपा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

न्यायालयेन स्वस्य निर्णायकं निर्णयं सायं ३:४५ पीएम इत्यस्य समीपे एव घोषितम्। अस्मिन् विषये पूर्वं सुनवायी फेब्रुवरी-मासस्य २७ दिनाङ्के अभवत्, तदनन्तरं न्यायालयेन स्वस्य निर्णयः आरक्षितः आसीत इति ज्ञातव्यम्। तावत्पर्यन्तं न्यायालयेन शङ्कराचार्यस्य गृहीतौ अन्तरिमनिरोधः अपि कृतः आसीत्। अद्य अपराह्णे पीठिकायाः आरक्षितं निर्णयं दत्तमात्रेण उभयोः व्यक्तियोः जमानतयाचनां हरितप्रकाशः दत्तः। यद्यपि राज्यसर्वकारस्य प्रतिनिधित्वं कुर्वन्तः वकिलाः शिकायतकर्ता च जमानतप्रदानस्य दृढविरोधं कृतवन्तः तथापि न्यायालयेन रक्षावकीलस्य प्रस्तुतेषु तकेर्षु योग्यतां प्राप्य तेभ्यः राहतं दत्तम् जमानतयाचनाविषये सुनवायीकाले स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्दस्य वकीलः।

## सम्पादकीयम्

### गोधूमस्य आपूर्तिः

स्थितिः अधिका गम्भीरा अस्ति। प्रायः चतुर्वर्षपूर्वं यदा युक्रेन-रूसयोः युद्धम् आरब्धम् तदा एतादृशी एव स्थितिः उत्पन्ना। तस्मिन् समये द्वौ प्रमुखौ विघ्नौ अभवताम्: गोधूमस्य आपूर्तिः, उर्वरकस्य मूल्येषु तीव्रवृद्धिः च। वैश्विकगोधूमनिर्यातस्य प्रायः ३०% भागः युक्रेन-रूस-देशयोः भवति, यत् तत्क्षणमेव स्थगितम्। परन्तु रूसदेशात् उभयवस्तूनाम् निर्यातः शीघ्रमेव आरब्धः। भारतसदृशैः देशैः गोधूमस्य निर्यातः वर्धितः। परन्तु अस्मिन् समये प्रत्यक्षसमुद्रमार्गेषु बाधायाः कारणात् स्थितिः भिन्ना अस्ति। उत्पादनं स्थगितम्। इरान्-देशेन अन्येषु अरबदेशेषु सुविधानां लक्ष्यीकरणस्य अपि प्रभावः अभवत्। कताएनर्जी इत्यस्य कुलसमुद्री यूरियाव्यापारस्य प्रायः १०% भागः अस्ति। तस्य एकस्मिन् परिसरे दिवसद्वयात् पूर्वं ड्रोनेन आक्रमणं कृतम्, तदनन्तरं कम्पनी गन्धकस्य, अमोनिया, यूरिया इत्यादीनां उत्पादनं स्थगितवती। इरान्, सऊदी अरबदेशयोः आपूर्तिः अपि प्रभाविता अस्ति। गैसस्य अभावः। उर्वरकस्य विपण्यं सर्वदा अत्यन्तं संवेदनशीलं भवति। चीन इत्यादयः देशाः स्वस्य आवश्यकतायाः आधारेण वैश्विकप्रदायं प्रभावितयन्ति। उर्वरकनिमार्णे अपि प्रमुखः कारकः प्राकृतिकवायुः न्यूनः अभवत्। सस्य प्रभाव। भारतेन गतवर्षस्य एप्रिल-नवम्बर-मासयोः मध्ये अभिलेखात्मकं ७० लक्षटनं यूरिया आयातितम्। देशः स्वस्य उर्वरकस्य आवश्यकतायाः प्रायः ४०% भागं पश्चिम एशियातः आयातयति, येन स्थितिः अधिका गम्भीरा भवति।

**तैलसंकटस्य मध्यं भारतेन नूतनजलवायुमार्गचित्रं प्रकाशितम्**

## २०३५ तमवर्षपर्यन्तं उत्सर्जनस्य प्रमुखकर्तनस्य लक्ष्यं कृतवान्




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

वैश्विक-अशान्ति-ऊर्जा-संकटस्य मध्यं भारतेन स्वस्य जलवायु-भविष्यस्य मार्गं कल्पयितुं महत्त्वपूर्णं पदानि स्थापितानि। प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी अध्यक्षतायां केन्द्रीयमन्त्रिमण्डलस्य सभायां देशस्य अद्यतनं राष्ट्रियनिर्धारितयोगदानं (एनडीसी ३.०) अनुमोदितम्। अस्मिन् दस्तावेजे २०३१ तः २०३५ पर्यन्तं कालपर्यन्तं भारतस्य जलवायुप्रतिबद्धतानां रूपरेखा कृता अस्ति तथा च प्रचलितवैश्विकपरिस्थितिं दृष्ट्वा महत्त्वपूर्णं सामरिकं कदमः इति दृश्यते।

अस्य निर्णयस्य समयः विशेषतया महत्त्वपूर्णः अस्ति, यतः सम्प्रति विश्वं बहुसंकटैः सह ग्रस्तम् अस्ति। पश्चिम एशियायां प्रचलन्तः संघर्षाः, वैश्विक-आपूर्ति-शृङ्खलासु बाधाः, कच्चे तेलस्य मूल्येषु वर्धमानाः च ऊर्जा-विपण्यं अस्थिरं कृतवन्तः। एतादृशे चुनौतीपूर्णे वातावरणे भारतेन स्वजलवायुलक्ष्याणां विषये स्पष्टा दीर्घकालीनदृष्टिः प्रस्तुता वैश्विकरूपेण संकल्पस्य सशक्तसंकेतरूपेण गृह्यते।

भारतस्य कृते एषा यात्रा नूतना नास्ति। २०१५ तमे वर्षे पेरिस्-सम्झौतेन आरब्धम्, यदा देशे प्रथमवारं जलवायुलक्ष्यं स्थापितं। तस्मिन् समये बहवः अन्तर्राष्ट्रीयविशेषज्ञाः भारतस्य क्षमताविषये संशयं धारयन्ति स्म; तथापि अन्तर्गतवर्षेषु भारतेन स्वस्य कार्यप्रदर्शनद्वारा एताः आशङ्काः दूरीकृताः। आधिकारिकतथ्यानुसारं भारतेन समयात् पूर्वं २०३० तमस्य वर्षस्य अनेकाः प्रमुखाः लक्ष्याः प्राप्ताः-यत्र स्वस्य सकलराष्ट्रीयउत्पादस्य उत्सर्जनतीव्रतायां प्रायः ३६ प्रतिशतं न्यूनीकरणं, तथा च स्वस्य विद्युत उत्पादनक्षमतायाः ५२ प्रतिशतं गैर-जीवाश्म-इन्धनस्रोतानां स्रोतः च अस्ति।

अधुना एनडीसी ३.० इत्यस्य अन्तर्गतं भारतेन २०३५ तमे वर्षे उत्सर्जनतीव्रतायां ४७ प्रतिशतं न्यूनीकर्तुं लक्ष्यं निर्धारितं कृतम् अस्ति। अतिरिक्तं देशेन स्वस्य विद्युत् उत्पादनक्षमतायाः ६० प्रतिशतं गैर-जीवाश्म-इन्धन-स्रोताभ्यः प्राप्तुं, ३.५ तः ४ अर्ब-टनपर्यन्तं कार्बन-सिङ्क-निमार्णं कर्तुं च प्रतिज्ञा कृता अस्ति एते लक्ष्याः भारतस्य दीर्घकालीनजलवायुदृष्टिं प्रतिबिम्बयन्ति, या विकासस्य पर्यावरणसंरक्षणस्य च मध्ये सन्तुलनं स्थापयितुं विशेषतया बलं ददाति। विशेषज्ञानाम् मते भारतस्य रणनीत्याः अत्यन्तं रोचकः पक्षः अस्य द्वयात्मकः उपायः अस्ति। एकतः अन्तर्राष्ट्रीयमञ्चेषु तुल्यकालिकरूपेण सन्तुलिताः यथार्थाः च लक्ष्याः प्रस्तुताः सन्ति; अपरं तु आन्तरिकस्तरस्य अधिकमहत्वाकांक्षिणः योजनाः।

**रजतस्य मूल्येषु तीव्रः उदयः**

## १० दिवसानां क्षयस्य अनन्तरं ६% वृद्धिः विपण्यां गूञ्जनं जनयति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अन्तर्राष्ट्रीयबाजारेभ्यः सकारात्मकसंकेतानां मध्ये बुधवासरे रजतस्य मूल्येषु तीव्रः उदयः अभवत्। १० दिवसान् यावत् क्रमशः क्षयः सहित्वा रजतस्य दराः प्रायः ६ प्रतिशतं वर्धिताः, येन निवेशकानां व्यापारिणां च मध्ये पुनः क्रियाकलापः, उत्साहः च तीव्रः अभवत् घरेलुवायदाबाजारे रजतस्य मूल्यानि 12,861 इत्येव उच्छ्रित्वा प्रतिकिलोग्रामं प्रायः 236,802 यावत् अभवन्-एषः वृद्धिः अद्यतनकाले अभिलेखितानां महत्त्वपूणानां उदयानां मध्ये एकः इति मन्यते।

मे-मासस्य वितरणसन्धिषु बहुवस्तुविनिमयस्थाने रजतमूल्यानां एषा ऊर्ध्वगामिनी प्रवृत्तिः अवलोकिता। इदानीं वैश्विकविपण्ये रजतस्य मूल्यानि अपि बलं प्रदर्शितवन्तः, यत्र मेमासस्य वायदामूल्यं प्रायः ५.६ प्रतिशतं वर्धमानं प्रति औंसं ७३.४४ डॉलरं यावत् अभवत् विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एषा सभा केवलं तान्त्रिकशुद्धिः एव न अपितु वैश्विक-आर्थिक-सूचकानाम् प्रभावस्य प्रतिबिम्बम् अपि अस्ति।

विश्लेषकाणां मते रजतमूल्यानां अस्य उदयस्य पृष्ठतः प्राथमिकः चालकः अमेरिकी-डॉलरस्य दुर्बलता अस्ति। दुर्बलः डॉलरः सामान्यतया बहुमूल्यधातुषु निवेशं वर्धयति, यतः अन्यमुद्रासु मूल्याङ्कनं कृत्वा ते तुल्यकालिकरूपेण सस्ताः भवन्ति। तदतिरिक्तं कच्चे तैलस्य मूल्येषु न्यूनतायाः कारणेन विपण्यं राहतं प्राप्तम्; एतेन महङ्गानि विषये चिन्ता किञ्चित् न्यूनीकृता अस्ति तथा च निवेशकानां भावना पुनः बहुमूल्यधातुनां प्रति प्रेषिता अस्ति। वस्तुविपण्यविशेषज्ञाः टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् अन्तिमेषु दिनेषु रजतमूल्यानां निरन्तरं न्यूनतायाः अनन्तरं निवेशकाः वर्तमानस्तरं न्यूनतया क्रयणार्थं अवसरयुक्तं क्षणं कृतवन्तः।

### राशिफल

**मेष** : काली जी को प्रणाम करना आपके लिए शुभ होगा। इस समय आपको नौकरी के कारण विदेश यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

**वृषभ** : सौम्यता के प्रतीक बने रहेंगे और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। हरी वस्तु अपने पास रखना लिए शुभ होगा।

**मिथुन** : दांपत्य जीवन में सुख का अनुभव करेंगे अपनी ऊर्जा को बर्बाद होने से बचाएं। कम बोलने से आपको बेहतर लगेगा।

**कर्क** : अपने पास कोई लाल वस्तु रखें, यह शुभ होगा। संपत्ति या घर से जुड़े फैसले भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण होंगे।

**सिंह** : व्यापार बहुत अच्छा रहेगा। सूर्य देव को जल देना आपके लिए शुभ फलदायी होगा। खाना देर रात ना खाएं।

**कन्या** : विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। रिश्ते में ताजगी महसूस होगी। भोजन हल्का और पौष्टिक करें।

**तुला** : माँ काली के शरण में बने रहें और उन्हें प्रणाम करें, सब मंगल होगा। खर्च भी बढ़ेंगे।

**वृश्चिक** : समय आपके लिए रोमांस से भरपूर रहने वाला है। हल्की-फुल्की कसरत और समय पर आराम सेहत के लिए ठीक रहेगा।

**धनु** : उपाय के तौर पर लाल वस्तु अपने पास रखें। आपके काम की तारीफ भी होगी। आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

**मकर** : व्यापार की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। संवाद और संबंध दोनों मजबूत रहेंगे। किसी करीबी से गिफ्ट मिलने की संभावना है।

**कुंभ** : सेहत को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य, प्रेम और व्यापार की स्थिति काफी संतोषजनक रहेगी।

**मीन** : किसी दोस्त या परिचित से मुलाकात मन को खुश कर सकती है। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन थकान महसूस हो सकती है।

### ज्योतिष/वास्तु

## मंगल करेंगे मीन राशि में गोचर और बनेगी शनि-मंगल की युति, इन राशियों को होगा लाभ

2 अप्रैल 2026 को मंगल देवगुरु के स्वामित्व वाली राशि मीन में गोचर करेंगे। जिससे कुछ राशि वालों को लाभ मिल सकता है।

02 अप्रैल को मंगल मीन राशि में गोचर करने वाले हैं, जहां पर पहले से शनिदेव विराजमान हैं जिसके कारण मीन राशि में शनि-मंगल की युति बनेगी। मीन राशि पर देवगुरु बृहस्पति का स्वामित्व होता है। वहीं ज्योतिष में शनिदेव को कर्मफलदाता और मंगल को युद्ध, साहस, पराक्रम और भूमि आदि का कारक ग्रह माना जाता है। शनि और मंगल दोनों की ही गिनती पाप ग्रहों में होती है और दोनों का एक ही राशि में आने से प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिलेगा। हालांकि कुंडली में ग्रहों की स्थिति से कुछ राशि वालों के लिए बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिससे कुछ राशि वालों पर सकारात्मक प्रभाव देखने को भी मिल सकता है।



आइए जानते हैं मंगल के मीन राशि में गोचर और शनि के साथ युति होने से कैसा प्रभाव रहने वाला होगा।

**वृषभ राशि** – 02 अप्रैल को मंगल-शनि की युति मीन राशि में बनने से वृषभ राशि वालों के लिए उनकी कुंडली के 11वें भाव पर असर दिखाएगा। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, कुंडली का यह भाव धन, संपत्ति, इच्छापूर्ति और मित्रों से संबंधित होता है। इस भाव में मंगल शनि की युति से आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। आपको अपनी मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। आय के कई और नए स्त्रोतों से आपको फायदा देखने को मिलेगा। लेकिन कुछ मामलों में आपको सावधानी दिखानी पड़ सकती है।

**मिथुन राशि**– 02 अप्रैल को मंगल का मीन राशि में गोचर होना आपके लिए करियर-कारोबार के नजरिए से अच्छा रह सकता है। आपकी राशि से 10 वें भाव में शनि-मंगल की युति होगी। कुंडली का यह भाव करियर, कारोबार, सफलता और यश-प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ होता है। दशम भाव में मंगल-शनि की युति के आपको नौकरी-व्यापार में अच्छी सफलता दिलाएगा। मित्रों और सगे-संबंधियों का भरपूर लाभ आपको मिलेगा।

**सिंह राशि** – सिंह राशि वालों के लिए 02 अप्रैल को मंगल-शनि की युति आपके अष्टम भाव में होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कुंडली का आठवां भाव आयु, पैतृक संपत्ति, अचानक लाभ और गुप्त विद्याओं से संबंधित होता है। शनि-मंगल की युति का सकारात्मक प्रभाव आपके संपत्ति, नाम और पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। शनि-मंगल की युति 8वें भाव में होने से आपके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है। धन से जुड़े मामलों में आपको अचानक लाभ हो सकता है।

**तुला राशि** – तुला राशि वालों के लिए मंगल-शनि की युति आपके छठे भाव पर असरकारी रहेगा। कुंडली का छठा भाव सेहत, कर्ज, कंपटीशन और शत्रु का स्थान माना जाता है। ऐसे में मंगल-शनि की युति से आपके शत्रुओं पर विजय दिलाने में कामयाबी मिलेगी। इससे आपकी सेहत भी अच्छी रहेगी। लेकिन आपको इस दौरान किसी दूसरे के वाहन चलाने से बचना होगा।

**कुंभ राशि** – 02 अप्रैल को मीन राशि में होने वाली शनि-मंगल युति कुंभ राशि के जातकों के दूसरे भाव यानी धन और वाणी पर प्रभाव डालेगी। ऐसे में मंगल-शनि की युति से आपको धन लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी। पारिवारिक संबंधों में विरोधावास देखन को मिल सकता है। आर्थिक लाभ के प्रबल योग हैं।

## खबर एक नजर...

### प्लेजर गाड़ी पर रखे 2 झोले में भरी मिली अवैध शराब

**उज्जैन।** शहर में शराब पर लगे प्रतिबंध के बाद अवैध कारोबार काफी बढ़ गया है। इंदौर-देवास के रास्ते देशी-विदेशी शराब शहर तक लाई जा रही है। यहीं नहीं अब शराब फूड डिलेवरी की तर्ज पर हर क्षेत्र में पहुंचाई जाने लगी है। अवैध शराब मामलों को लेकर पुलिस भी लगातार धरपकड़ अभियान चला रही है। रविवार-सोमवार रात नीलगंगा थाना सूचना मिलने पर सांवराखेड़ी मार्ग पर घेराबंदी कर बंधन मैरिज गार्डन के पास से प्लेजर गाड़ी क्रमांक एमपी 13 एमडी 8828 पर सवार युवक को पकड़ा। उसकी गाडी पर 2 झोले रखे थे। जिसे चैक करने पर उसमें देशी शराब के 340 क्वार्टर भरे होना सामने आये। शराब संबंधित दस्तावेज नहीं होने पर युवक से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम मुकेश पिता जगदीश बैंडवाल निवासी दुदर्शी थाना नरवर बताया। उसके पास से बरामद शराब 32 हजार रुपए कीमत की पाई गई। नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील के अनुसार आरोपित युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज कर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। शहर में पिछले कुछ दिनों लगातार अवैध देशी-विदेशी शराब बरामद हो रही। पंवासा और माधवनगर थाना पुलिस को डिलेवरी करते समय दो पहिया वाहन सवार युवकों को पकड़ा गया है। आबकारी विभाग की टीम भी गोपालपुरा मक्सीरोड पर एक मकान से दबिश देकर महिला से लाखों की विदेशी शराब बरामद की चुकी है।

### झारड़ा में छात्रा के साथ 2 सहपाठियों ने किया दुष्कर्म

**उज्जैन।** झारड़ा में 11 साल की नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के 2 सहपाठियों ने लंच ब्रेक के दौरान एक मकान में ले जाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। दोनों सहपाठियों का सहयोग 75 साल के भंवरसिंह और 57 साल के नाथुलाल ने किया। वहीं एक 22 साल के युवक राहुल ने छात्रा से दुष्कर्म कर रहे दोनों सहपाठियों के साथ उसका मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। छात्रा का काफी भयभीत हो गई थी। तीन दिन बाद 28 मार्च नाबालिग छात्रा ने घटना परिजनों को बताई। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर थाना प्रभारी आनंद भाबोर ने गंभीरता दिखाई और तत्काल छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले में दुष्कर्म करने वाले नाबालिगों के साथ वीडियो बनाने और गलत काम में सहयोग करने वाले दोनों वृद्धों के खिलाफ प्रकरण दर्ज सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी भाबोर के अनुसार दुष्कर्म करने वाले सहपाठियों को बाल संप्रेक्षणगृह वहीं गलत काम में सहयोग करने वाले आरोपियों को जेल भेजा गया है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाली नवविवाहिता की मौत

**उज्जैन।** आगर मालवा के ग्राम ढाबला छतरी की रहने वाली सपना पिता कालूसिंह 20 साल को रविवार रात परिजन उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सपना की हालत काफी नाजुक बनी हुई थी। परिजनों ने बताया कि आगर मालवा से रैफर किया गया है, 2 साल पहले शादी हुई थी। निजी अस्पताल से मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस महिला के बयान दर्ज करने पहुंची लेकिन हालत गंभीर होने पर बयान दर्ज नहीं किये जा सके। इस बीच रात 3.43 बजे पुलिस को सूचना मिली कि सपना की मौत हो गई है। सोमवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। प्रधान आरक्षक सुनील रावत ने बताया कि मामला आगर-मालवा का होने पर मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। जिसे अंतिम संस्कार के लिये आगर-मालवा ले जाया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 566-7 | 248-4 |
| मेन बाजार | 347-4 | 234-9 |
| मिलन डे | 289-9 | 480-2 |
| मिलन नाइट | 300-3 | 600-6 |

2 3 6

### ठगी के आरोपी को कानपुर से उज्जैन लायेगी पुलिस

# मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के नाम पर ठगे थे 4.50 लाख

## प्रिसिंपल बनकर कॉलेज अकाउंट में ट्रांसफर कराये 25 हजार, शेष राशि अपने खाते में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बिहार के कटिहार मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी के खिलाफ नीलगंगा थाना पुलिस ने एमआर की शिकायत पर केस दर्ज किया है। ठग पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और वर्तमान में कानपुर पुलिस की हिरासत में है। जिसे जल्द पूछताछ के लिये उज्जैन लाया जायेगा।

मंछामन गणेश कालोनी में रहने वाले सतीशचंद्र पित जोरावरसिंह पटेल एमआर है। उन्हे अपने बेटे हर्ष पटेल का एमबीबीएस की पढ़ाई के लिये मेडिकल कॉलेज में एडमिशन करना था। उनके भाई महेश कुमार का पुत्र सतना मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। 15 फरवरी को उसने बताया कि हमारे कॉलेज के प्रोफेसर चंद्रशेखर वाघमारे ने बताया कि बिहार के कटिहार स्थित मेडिकल कॉलेज में सीट खाली है।




प्रोफेसर का नम्बर मिलने पर उसने संपर्क किया गया। उन्होने कटिहार मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल आर. बी. गुप्ता का मोबाइल नम्बर दिया। सतीशचंद्र ने चर्चा की तो पता चला कि एक छात्र की मौत होने पर सीट खाली हुई है, जो एनआरआई कोटे की है। उक्त प्रिंसिपल ने ईमेल पर कॉलेज सीट के पैकेज की जानकारी भेजी और 2 बैंक अकाउंट नम्बर के साथ वाट्सएप पर नीट स्कोर कार्ड, आधार कार्ड, मार्कशीट पुत्र की मांगी। एक अकाउंट नम्बर कॉलेज का था। जिसमें 25 हजार रुपए जमा कराये गये, शेष राशि 4.25 लाख दूसरे खाते में जमा किये गये। एडमिशन फीस जमा करने के बाद पटेल परिवार 19 फरवरी को बिहार के कटिहार पहुंचा और प्रिंसिपल आर बी गुप्ता मिले। उन्होने बताया कि कोई सीट खाली नहीं है और ना ही फीस जमा हुई है। उन्होने कॉलेज का बैंक अकाउंट देखा तो उसमें 25 हजार रुपए पटेल परिवार की ओर से भेजना सामने आये। आर. बी. गुप्ता ने कॉलेज अकाउंट में रुपए को लेकर कहा कि कोर्ट में मामला लगाये। कॉलेज अकाउंट में रुपए लौटा दिये जायेगा। अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत सतीशचंद्र ने नीलगंगा थाना पुलि से की। पुलिस ने मामले में खाता धारक जयंत पिता ज्योति सरकार निवासी सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया।

### प्रिंसिपल बनकर पूर्व में कर चुका है ठगी

नीलगंगा थाना एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि कॉलेज अकाउंट में ट्रांसफर हुये 25 हजार को लेकर प्रिंसिपल आर. बी. गुप्ता से संपर्क किया गया। उन्होने बताया कि जिस नम्बर पर सतीशचंद्र की चर्चा हुई वह नम्बर उनका नहीं है। हां कॉलेज अकाउंट में 25 हजार रुपए आये है। उक्त आरोपी पूर्व में भी 4 से 5 बार कॉलेज के नाम से ठगी कर चुका है। उसके द्वारा कॉलेज का अकाउंट सही दिया जाता है लेकिन दिखाने के लिये कॉलेज संबंधित दस्तावेज फर्जी भेजे जाते है। पूर्व में सामने आये धोखाधड़ी के दौरान भी उसने कुछ राशि कॉलेज अकाउंट में ट्रांसफर कराई और शेष राशि खुद के अकाउंट में डलवाई है।

### कानुपर पुलिस की हिरासत में आरोपी

एसआई परिहार ने बताया कि सतीशचंद्र के साथ ठगी करने वाले जयंत सरकार की जानकारी जुटाने पर सामने आया कि पूर्व में हुई ठगी के मामले में उसे 2 दिन पहले ही कानपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिससे कानपुर पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोपी को उज्जैन लाने के लिये एक टीम कानपुर भेजी जायेगी।

# हालत बिगड़ी तो पत्नी से बोला खा लिया जहरीला पदार्थ

## उपचार के दौरान 2 बच्चों के पिता की हुई मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



ससुराल में रहकर मजदूरी करने वाले युवक ने रविवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने लगी तो पत्नी से बोला कि जहर खा लिया है। पत्नी परिवार की मदद से अस्पताल लेकर पहुंची। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद युवक की मौत हो गई।

गौतमपुरा का रहने वाला गोविंद पिता सुखराम दायमा 32 साल एक माह पहले अपने ससुराल ग्राम दंगवाड़ा इंगोरिया आ गया था। यहां रहकर उसने मजदूरी का काम शुरू किया था। रविवार शाम उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद पत्नी मंजू को बोला कि जहर खा लिया है। पति की बिगड़ती हालत देख पत्नी उसे परिवार की मदद से उज्जैन चरक अस्पताल लेकर आई। डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर गहन चिकित्सा ईकाई में भर्ती किया। लेकिन कुछ घंटे बाद गोविंद की मौत हो गई। सोमवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान जीजा भैरूलाल ने बताया कि गोविंद 2 बच्चों का पिता था। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया समझ नहीं आ रहा है। घर परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या भी नहीं थी। ना गोविंद ने कभी किसी प्रकार परेशानी का जिक्र किया। चौकी पुलिस के अनुसार मामले की जांच इंगोरिया थाना पुलिस द्वारा की जायेगी।

# कचरा प्लांट में लगी आग, दूर तक दिखा धुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम के कचरा प्लांट में सोमवार शाम आग लग गई। कचरा जलाने पर उठा धुआ दूर तक दिखाई दिया। कुछ देर के लिये प्लांट पर अफरा-तफरी मची, लेकिन दमकलों ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के जंतर-मंतर मार्ग गऊघाट के सामने नगर निगम का कचरा प्लांट बना हुआ है। जहां कचरा गाडियां भी खड़ी रहती है। शाम 5.30 बजे के लगभग प्लांट में रखा सूखा कचरा अचानक सुलग गया, कुछ देर में ही क्षेत्र में धुआ फैल गया और दूर तक दिखाई देने लगा। आग लगने पर वहां मौजूद कर्मचारियों ने कचरा गाडियों का बाहर निकाला, इसी बीच फायर बिग्रेड की 3 से 4 दमकलें भी मौके पर पहुंच गई। आगजनी का पता चलने पर नीलगंगा थाना पुलिस भी पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये और कुछ देर में आग पूरी तरह से काबू में आ गई। इस बीच बारिश भी शुरू हो गई थी, जिसके चलते आग



तेजी के साथ नहीं फैली। पुलिस के अनुसार कोई जनहानि नहीं हुई है। आगजनी की आशंका शार्ट सर्किट माना जा रहा है। निगम की ओर से शिकायत दर्ज कराने पर मामले की जांच की जायेगी। गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ बढ़ते तापमान और बिजली का लोड़ बढ़ते ही आगजनी की घटना सामने आने लगी है। कुछ दिन पहले ही चिमनगंज थान क्षेत्र के सोफा कारखाने के भीषण आग लगी थी और आसपास के 2 दुकाने भी चपेट में आ गई थी। यहीं नहीं रविवार को घट्टिया थाना क्षेत्र के निपानिया गोयल में 8-10 खेतों में लगी आग वेयर हाऊस के पास तक पहुंच गई थी। समय पर दमकलों ने काबू पाया लिया नहीं तो वेयर हाऊस भी आग की चपेट में आ जाता।

# थाना ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सैनिक की गिरने के बाद मौत

## पुलिसकर्मियों ने दिया सीपीआर, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंड पहुंचे अस्पताल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चिमनगंज थाना ड्युटी पर तैनात होमगार्ड सैनिक सोमवार सुबह गिरकर बेहोश हो गया। 1 घंटे चले उपचार के बाद सैनिक का निधन हो गया। खबर मिलते ही होमगार्ड/एसडीईआरएफ डिस्ट्रिक्ट कामंडेंट अस्पताल पहुंच गये थे।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि हरीलाल मालवीय 56 साल निवासी पिपलीनाका कई सालों से थाना ड्युटी पर तैनात था। सुबह ड्युटी पर आने के बाद अचानक गश्त खाकर गिर गया। थाना स्टॉफ ने उसे उठाने का प्रयास किया, नहीं उठने पर तत्काल सीपीआर दिया गया, सांस चलने पर सैनिक को चरक अस्पताल ले जाया गया। जहां करीब 1 घंटे चले उपचार के बाद निधन हो गया। थाना प्रभारी के अनुसार सैनिक काफी समय से टीवी की बीमारी से पीड़ित था। उसके फेफड़े भी खराब हो चुके थे। अस्पताल में भर्ती कराने के दौरान सामने आया था कि उसका बीपी कम हुआ था, फेफड़े खराब होने पर रिकवर नहीं हो पाया।



होमगार्ड सैनिक के निधन की खबर मिलते ही होमगार्ड/एसडीईआरएफ डिस्ट्रिक्ट कामांडेंट संतोष कुमार जाट चरक अस्पताल पहुंच गये थे। उन्होने परिवार को सांत्वना दी और शव को पुलिस की मदद से घर तक पहुंचाया। सैनिक की अंतिम यात्रा में परिवार, रिश्तेदारों के साथ होमगार्ड के कई सैनिक और चिमनगंज थाने का स्टॉफ शामिल हुआ।



### बेटी को मुख्यमंत्री ने किया था सम्मानित

डिस्ट्रिक्ट कामांडेंट ने बताया कि सैनिक 25 सालों से विभाग को अपनी सेवा दे रहा था। दिसंबर माह में विभाग के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही सैनिक को बेटी को मेघावी छात्रा के रूप में सम्मानित किया था। सैनिक का एक बेटा भी है। वहीं चिमनगंज थाना स्टॉफ ने बताया कि हरीलाल अपने बेटी की शादी के लिये रिश्ता भी तलाश कर रहा था। संभवतः इसी साल बेटी की शादी की योजना बनाई थी।

### परिवार को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

डिस्ट्रिक्ट कामांडेंट संतोष कुमार जाट के अनुसार सैनिक के निधन पर होमगार्ड विभाग परिवार के साथ है। नियमानुसार परिवार के एक सदस्य को विभाग में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जायेगी। वह लम्बे समय से पुलिस विभाग में अपनी सेवा दे रहा था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com